

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



नागार्जुन की द घोस्ट के ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 13 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 09 अंक: 264 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी केस सुनने के लायक

### हिंदू पक्ष के हक में वाराणसी जिला कोर्ट का फैसला

वाराणसी। जिला और सत्र न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद और उसके आसपास की भूमि को चुनौती देने वाले दीवानी मुकदमा चलने योग्य भी है कि नहीं इसको लेकर अपना फैसला सुनाया। हिंदू पक्ष के हक में कोर्ट का फैसला आया है। ज्ञानवापी श्रीनगर गौरी विवाद मामले में फैसला सुनाते हुए जिला न्यायाधीश एके विश्वेश की एकल पीठ ने मामले को विचारणीय माना। कोर्ट ने कहा कि ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी ज्ञानवापी केस सुनने के लायक है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी गई है। अब मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। हिन्दू पक्ष का दावा है कि 16वीं षगताब्दी में मुगल शासक औरंगजेब ने मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि वहां पहले से ही मस्जिद थी, मंदिर नहीं तोड़ी गई। 7 रूल 11 के तहत हुई बहस में भी दोनों पक्षों की तरफ से कई दावे पेश किए गए। हिंदू पक्ष का कहना है कि इस मामले में वर्शिप एक्ट लागू नहीं होता। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील वीएस जैन ने कहा कि 1991 पूजा अधिनियम हमारे पक्ष में लागू होता है। अगर फैसला हमारे पक्ष में आता है, तो हम एएसआई सर्वेक्षण, शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग करेंगे। जिला जज अजय कृष्ण ने 24 अगस्त को इस मामले में अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था और 12 सितंबर को फैसला सुनाने का ऐलान किया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 मई से जिला कोर्ट में सुनवाई चली। नागरिक प्रक्रिया संहिता सीपीसी के आदेश 7 नियम 11 के तहत ये केस सुनने योग्य है या नहीं। इसी पर कोर्ट में सुनवाई चल रही थी। पिछली सुनवाई में मुस्लिम पक्ष ने दलीलें दी थीं।



## गिरिराज सिंह का राहुल पर जोरदार हमला

### बोले:7 जन्म लेंगे तब भी आरएसएस की बराबरी नहीं कर पाएंगे

पटना। कांग्रेस के ट्विटर हैंडल से आज आरएसएस के गणवेश के साथ एक तस्वीर साझा की गई। इसको लेकर अब भाजपा कांग्रेस और राहुल गांधी पर जबरदस्त तरीके से हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर जबरदस्त तरीके से पलटवार किया है। गिरिराज सिंह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी सात जन्म ले लेंगे तो भी आरएसएस की बराबरी नहीं कर पाएंगे। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी 7 जन्म लेंगे तब भी आरएसएस की बराबरी नहीं कर पाएंगे। आरएसएस का एक–एक स्वयंसेवक भारत माता की वैभव के लिए जीता है। आरएसएस भारत के संस्कार और संस्कृति का ध्वज वाहक है। वे जितना जलेंगे संघ उतना ही सांस्कृतिक फैलाव करेगा। इसके साथ ही गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश बाबू कह रहे हैं कि मुझे नरेंद्र मोदी को हराना है। नीतीश कुमार एक अच्छे मुख्यमंत्री तो बन नहीं पाए। जो व्यक्ति 17 साल किसी राज्य का मुख्यमंत्री रहे पर अपने बल पर सरकार ना बनाए पाए और वो प्रधानमंत्री मटेरियल बनने चले। कांग्रेस के ट्वीट पर आरएसएस के डॉ मनमोहन वैद्य ने कहा कि वे लोगों को नफरत से जोड़ना चाहते हैं। वे लंबे समय से हमारे लिए घृणा रखते हैं। उनके पिता और दादा ने आरएसएस को रोकने की कोशिश की लेकिन आरएसएस नहीं रुका और आगे बढ़ता रहा क्योंकि हमें लोगों का समर्थन मिलता रहा। कांग्रेस ने पोस्टर में लिखा था कि देश को नफरत की बेड़ियों से मुक्त करना और भाजपा–आरएसएस द्वारा किए गए नुकसान की भरपाई करना। कदम दर कदम हम अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे। इसके बाद से कांग्रेस पर भाजपा से जबरदस्त तरीके से हमलावर हो गई हैं। भाजपा के संबित पात्रा ने कहा कि ये तस्वीर ठश्रच और ै को प्रतिनिधित्व करते हुए कांग्रेस ने ट्वीट किया और उसमें आग जलते हुए दिखाया है। कांग्रेस ने लोगों को उकसाने के लिए ये ट्वीट किया है। इनकी भारत जोड़ो यात्रा,आग लगाओ यात्रा है। ये पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने इस प्रकार की तस्वीर ट्वीट की हो। उन्होंने कहा कि ये तस्वीर ट्वीट कर राहुल गांधी क्या आप इस देश में हिंसा चाहते हैं? क्या आप चाहते हैं कि लोग एक दूसरे को जला दें? ये श्भारत जोड़ो आंदोलनश नहीं बल्कि श्भारत तोड़ोश और श्आग जलाओ आंदोलनश है। कांग्रेस को तुरंत इस तस्वीर को हटाना चाहिए।




## तीनों सेवाओं का एकीकरण करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं: राजनाथ सिंह

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं का एकीकरण करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और साजो–सामान के लिए साझा मंजूरी व्यवस्था कायम करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि एक सेवा के संसाधनों को अन्य सेवा के लिए निर्बाध रूप से उपलब्ध कराया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने यहां सैन्य साजो सामान के बारे में एक सेमिनार को संबोधित करते हुए यह बात कही। सेमिनार के उद्घाटन समारोह में थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार तथा नीति आयोग के सदस्य वी. के. सारस्वत समेत अन्य लोग शामिल हुए। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में, नागरिक और सैन्य हितधारकों के बीच आवश्यक तालमेल पर भी जोर दिया और कहा कि भारत अमृत काल की दहलीज पर खड़ा है ऐसे में दोनों पक्षों के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए "प्रतिबद्धता" दर्शाती है।



## केजरीवाल का वादा, गुजरात में ऑटोरिक्शा चालकों को दहलीज पर मिलेंगी आरटीओ सेवाएं

अहमदाबाद। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को गुजरात के ऑटोरिक्शा चालकों से वादा किया कि वह उन्हें उत्पीड़न से बचाने तथा भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उनकी दहलीज तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) की सेवाएं उपलब्ध करायेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक गुजरात के अहमदाबाद शहर में ऑटोरिक्शा चालकों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि ऑटोरिक्शा चालकों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने चालकों से अनुरोध किया कि वे दिल्ली की तरह यहां भी अपने यात्रियों के बीच और सोशल मीडिया के माध्यम से आप का प्रचार–प्रसार करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में उनकी सरकार ने कोविड–19 के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान लगभग 1.5 लाख चालकों को दो बार पांच–पांच हजार रुपये का भुगतान किया। केजरीवाल ने कहा, "दिल्ली में आपको लाइसेंस के नवीनीकरण, स्वामित्व परिवर्तन और परमिट या आरसी से लोन हटवाने जैसे कार्यों के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। हमने एक फोन नंबर दिया है। कॉल करें और दिल्ली सरकार का एक अधिकारी आपके दरवाजे पर खुद पहुंचेगा। आप अपने लाइसेंस का नवीनीकरण उसी तरह करवा पाएंगे जैसे आप फोन पर पिज्जा ऑर्डर करते हैं।" केजरीवाल ने कहा कि इससे रिश्वतखोरी रुकेगी।




## जम्मू–कश्मीर के शोपियां में मुठभेड़ में एक आतंकवादी की मौत, सुरक्षाकर्मी घायल

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार को शुरू हुई मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया और एक सुरक्षाकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जिले के हेफ शिरमल इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां बरसाईं, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलाईं और मुठभेड़ शुरु हो गई। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। इस दौरान सुरक्षा बल के एक जवान के घायल होने की खबर है। उन्होंने बताया कि आतंकियों की तलाश के लिए अभियान जारी है।



## भाजपा जान गई है कि राजस्थान में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनेगी और इससे घबरा गई है: गहलोत

जयपुर। राजस्ध्थान के मुख्ध्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि राज्ध्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं को यह बात समझ आ गई है जिससे घबरा कर वे राज्य और यहां के मुख्ध्यमंत्री पर निशाना साध रहे हैं। गहलोत ने यह बात केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्ध्य में कानून व्यवस्था व अन्य मुद्दों को लेकर राज्ध्य सरकार पर निशाना साधे जाने पर पलटवार करते हुए कही। राजस्ध्थान के अगले साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। शाह द्वारा राज्ध्य सरकार की आलोचना पर गहलोत ने चुरू में संवाददाताओं से कहा," उन्ध्होंने (शाह) बढ़ चढ़ कर असत्य बोला। जितनी भी बातें उन्होंने बोली उनमें तथ्य नहीं था।' राज्ध्य में अपराध बढ़ने के आरोप पर गहलोत ने कहा, "देश के गृहमंत्री के पास सभी तथ्ध्य होते हैं ...राजस्ध्थान पहला राज्ध्य है जिसने प्राथमिकी दर्ज करना अनिवार्य किया।



## हम सकारात्मक सोच रखते हैं, गुलाम नबी आजाद के बयान पर बोलीं महबूबा मुफ्ती, 370 की भी होगी बहाली

जम्मू । जम्मू कश्मीर की राजनीतिक हलचल इन दिनों काफी तेज दिखाई दे रही है। कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले गुलाम नबी आजाद अपनी नई पार्टी बनाने का ऐलान कर चुके हैं। वहीं, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के खत्म होने के बाद वहां की ज्यादातर पार्टियां इसे फिर से बहाल करने की मांग कर रही है। जम्मू–कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी जैसे दल के नेता लगातार इस बात का दावा कर रहे हैं कि जम्मू–कश्मीर में फिर से 370 को बहाल किया जाना चाहिए। अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में खत्म किया गया था। संसद में गुलाम नबी आजाद ने इसका जबरदस्त तरीके से विरोध किया था। हालांकि, गुलाम नबी आजाद अब यह दावा कर रहे हैं कि वह इसको लेकर घाटी के लोगों को गुमराह नहीं करेंगे। उन्होंने अपनी रैली में साफ तौर पर कहा कि केवल संसद में दो–तिहाई बहुमत वाली सरकार ही जम्मू कश्मीर की विशेष स्थिति की बहाली सुनिश्चित कर सकती है। अब इसी पर पीडीपी अध्यक्ष और जम्मू–कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती का भी बयान सामने आया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हम सकारात्मक सोच रखते हैं। हम भाजपा के खिलाफ लड़ेंगे और भाजपा ने यहां जो ज्यादतियां की हैं उसको खत्म करेंगे। 370 की भी बहाली होगी। ये मेरी सोच है। अब आजाद साहब और भाजपा की सोच अलग हो सकती है। मुफ्ती ने कहा कि यह उनकी निजी राय है। कांग्रेस ने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई थी और उन्हें रोका था। इसी तरह, जम्मू–कश्मीर में आवाजें हैं जो मानते हैं कि 370 को बहाल कर दिया जाएगा और इसे सुलझा लिया जाएगा। कुछ दिन पहले ही श्रीनगर में फारूख अब्दुल्ला के घर पर गुपकार गठबंधन की एक बड़ी बैठक हुई थी। बैठक के बाद फारूक अब्दुल्ला ने भी कहा था कि हमारे अधिकारों को हमसे छीना जा रहा है। हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। हालांकि, आजाद अनुच्छेद 370 की बहाली का वादा करने वाले राजनीतिक दलों की खिंचाई कर रहे हैं।



## भूमि का फर्जी पट्टा जारी करने के आरोप में पांच सरकारी अधिकारी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर की पुलिस ने भूमि के दस्तावेजों में हेरफेर करने और जाली दस्तावेज जारी करने के आरोप में पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) क्लेय खोंगसाई ने बताया कि एक उप–डिप्टी कलेक्टर (एसडीसी) सहित पांच अधिकारियों को फर्जी पट्टा (भूमि का दस्तावेज) जारी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने रविवार को कहा, " आरोपियों ने लोगों को 35 फर्जी पट्टा जारी किया था,जिससे थोऊबल जिले 19 एकड़ वन भूमि का नुकसान हुआ।" उन्होंने बताया कि 17– चाओबोक क्षेत्र के दस्तावेजों में हेरफेर किया गया।








## क्या महाराष्ट्र में भी चाचा शरद पवार को चुनौती देने लगे हैं भतीजे अजीत पवार? खुलेआम दिखा दिए बागी तेवर

मुंबई। क्या शरद पवार की पार्टी एनसीपी अंदरूनी कलह से जूझ रही है? क्या एनसीपी दो धड़ों में बंटी हुई है? क्या शरद पवार से उनके भतीजे अजित पवार नाराज चल रहे हैं? दरअसल, यह सभी सवाल इन दिनों मीडिया में खूब पूछे जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हाल में ही एनसीपी के आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुआ। इस दौरान एनसीपी में नंबर दो की हैसियत रखने वाले अजित पवार के बागी तेवर देखने को मिल गए। दरअसल, मंच से सबसे पहले पार्टी प्रमुख शरद पवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके बाद महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री जयंत पाटिल को मौका दिया गया। तीसरे नंबर पर अजीत पवार की बारी आई। लेकिन, जैसे ही अजित पवार के नाम की उद्घोषणा हुई। वह मंच से उठकर चले गए। हालांकि, अजित पवार के समर्थक लगातार उनके पक्ष में नारे लगाते रहे। मंच पर खड़े प्रफुल्ल पटेल ने बार–बार यह दावा किया कि अजित पवार वॉशरूम गए हैं। वह जल्द ही वापस आएंगे। काफी वक्त गुजर गया। लेकिन अजित पवार मंच पर नहीं आए। यह वक्त शरद पवार के लिए भी सही नहीं था। शरद पवार भी मंच पर बैठे असहज महसूस कर रहे थे। दूसरी ओर अजित पवार के समर्थक लगातार नारेबाजी करते रहे। खबर यह है कि नाराज अजित पवार को मनाने की जिम्मेदारी शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले को दी गई है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब अजित पवार ने सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। इससे पहले भी वह कई मौकों पर अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुके हैं। 2019 में तो उन्होंने शरद पवार के खिलाफ जाकर भाजपा के साथ मिलकर सरकार तक बना ली थी। हालांकि, महाराष्ट्र की राजनीति को समझने वाले यह बार–बार दावा करते हैं कि एनसीपी दो धड़ों में बंटी हुई है।



# बीडीओ ने ग्राम पंचायत दौलतपुर का किया निरीक्षण

## विकास योजनपाओं का लिया जायजा

बीकापुर–अयोध्या । विकासखंड मसौधा के संयुक्त खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा ने ग्राम पंचायत दौलतपुर का औचक निरीक्षण कर विकास योजनाओं का जायजा लिया। मिली कमियों पर संबंधितो को डाट लगाते हुए एक सप्ताह के अंदर दूर करने का निर्देश दिया। संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्री वर्मा ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर का निरीक्षण किया जहां प्रवेश द्वार के बगल ही गंदगी का अंबार देखा। सफाई कर्मचारी को बुलाकर तत्काल हटाने का निर्देश देते हुए डाट पिलाई। विद्यालय के बालक बालिका शौचालय में भी गंदगी ही गंदगी दिखी। गंदगी देख नाराज संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्री वर्मा ने विकासखंड के सभी सफाई कर्मचारियों को वही से निर्देश जारी करते हुए बताया कि विकासखंड के किसी भी विद्यालय में यदि गंदगी दिखी तो उस लापरवाह सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही होगी। विद्यालय में निर्माणाधीन विकलांग शौचालय का भी निरीक्षण किया, सचिव को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। विद्यालय में बच्चों की शिक्षा एवम मध्यान्ह भोजन के भी स्तर को जांचा। संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्री वर्मा ग्रामसभा के पंचायत भवन जाकर वहां उपस्थित स्वयं सहायता समूह की बैठक में भाग लिया समूहों के सदस्यों को उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु समूह की बचत, रिवाल्विंग फंड, सीआईएफ एवं सीसीएल की धनराशि का सदुपयोग कर उद्योग धंधे से जुड़कर उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु शिक्षा दी।श्री वर्मा ग्राम पंचायत के खास दौलतपुर में विवादित चकरोड का भी अवलोकन किया, लेखपाल से पैमाइश कराकर अति शीघ्र चकरोट पटाने का निर्देश दिया। श्रीवर्मा ग्राम पंचायत के दरोगा के पुरवा में शक्ति स्वयं सहायता समूह में उत्पन्न आपसी विवाद को तत्समय में बैठक कर हल किया। संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्री वर्मा ग्राम पंचायत दौलतपुर में स्थित गोवंश आश्रय स्थल पहुंच कर गोवंशओं की स्थिति, भूसा, हरा चारा, चुनी चोकर एवम उनके अन्य व्यवस्था का भी अवलोकन किया। औचक निरीक्षण में श्री वर्मा के साथ सहायक विकास अधिकारी आईएसबी संतोष कुमार पांडे ब्लॉक टी ए अनिल कुमार यादव, ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश सिंह, बीएमएम निधि श्रीवास्तव एवं शैलेश कुमार वर्मा, ग्राम प्रधान मंसाराम निषाद, ग्राम रोजगार सेवक पूजा यादव उपस्थित रहे।

# स्कूल के बगल झाड़ी में मिले शव की हुई शिनाख्त

अयोध्या । पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कल्याण भदरसा गांव क्षेत्र स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल के पास झाड़ी में ..शाम मिली महिला के शव शिनाख्त हो गई। मृतका इसी गांव निवासी फास्ट ट्रैक कोर्ट के वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार गौतम की पत्नी 32 वर्षीय गौरी देवी निकली। मामले में पति की ओर से गुमशुदगी नगर कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। मामले की तहकीकात कोतवाली नगर पुलिस के हवाले की गई है। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है । गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के कल्याण भदरसा गांव स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल के पास झाड़ी में शाम एक महिला का शव मिला था। उसकी शिनाख्त फैजाबाद जिला कचहरी में फास्ट ट्रैक कोर्ट के वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार गौतम की पत्नी गौरी देवी के रूप में हुई। जो मूल रूप से मिर्जापुर जनपद के निवासी हैं। नगर कोतवाली को दी गई सूचना में मिर्जापुर जनपद के कोतवाली शहर के तरकापुर गांव निवासी और फैजाबाद कचहरी में फास्ट ट्रैक कोर्ट पर वरिष्ठ सहायक मनोज कुमार गौतम ने बताया था कि इनकी पत्नी गौरी देवी 9 सितंबर को सुबह घर पर खाना बनाई और बच्चे को स्कूल भेजने के बाद पड़ोसी को चाबी देकर कहीं चली गई। बच्चे स्कूल से आए तो घर में ताला बंद मिला। जानकारी पर वह पहुंचे और खोजबीन शुरू की। कोई जानकारी न मिलने पर आज 10 सितंबर को नगर कोतवाली पुलिस को सूचना दे रहा हूं। उसी दिन शाम को पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के कल्याण के पास स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल के बगल झाड़ी में महिला का शव मिला। उसकी पहचान गौरी देवी 32 वर्षीय पत्नी मनोज कुमार गौतम के रूप में हुई पुलिस ने उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक महिला मानसिक रूप से परेशान थी जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज लखनऊ से हो रहा था।पूराकलंदर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मृतका गौरी देवी पत्नी मनोज कुमार गौतम की गुमशुदगी कोतवाली नगर में दर्ज है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और शहर से यहां कैसे पहुंची इसकी भी जांच की जा रही है। जो तथ्य सामने आएंगे उसी पर कोतवाली नगर पुलिस कार्यवाही करेगी।

## क्षेत्र में बीएसएनएल का नेटवर्क गायब

मिल्कीपुर(अयोध्या) ।थाना इनायतनगर के बारुन क्षेत्र में बीएसएनएल का नेटवर्क गायब होने से संचार व्यवस्था ठप है।नेटवर्क न आने के कारण उपभोक्ता परेशान है।बारुन चौराहा निवासी बीएसएनएल उपभोक्ता मोहम्मद अकरम ने आरोप लगाया कि वह बीएसएनएल का सिम चलाते हैं परंतु पिछले कई महीनों से बीएसएनल का नेटवर्क बाधित रहता है।पिछले कुछ दिनों से उनके घर पर नेटवर्क आ ही नहीं रहा है। बारुन क्षेत्र में नेटवर्क पूरी तरह से ध्वस्त होने से बीएसएनल से जुड़े उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

# अनमय मदद के लिए चलाया अभियान

## सरयू घाट पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

अयोध्या । स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी से पीड़ित आठ माह के बच्चे सुल्तानपुर निवासी अनमय के उपचार के लिए आज युवाओं की एक टोली अतुल सिंह व विकास तिवारी केध् नेतृत्व में राम पैड़ी घाट अयोध्या पर अनमय मदद के नाम की तख्तिया हाथो में लेकर क्राउड फंडिंग के माध्यम से मदद धनराशि जुटाने का अभियान चलाया। गौरतलब है कि अनमय का इलाज कर रहीं सर गंगाराम अस्पताल की डॉ. वेरोनिका अरोरा ने बताया है कि एसएमए टाइप–1 बेहद दुर्लभ किस्म की बीमारी है। इसमें बच्चों के अंग धीरे–धीरे काम करना बंद कर देते हैं और उन्हें सांस लेने तक में बहुत परेशानी होने लगती है। आठ महीने के अनमय सिंह एसएमए टाइप–1 नाम की बेहद दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे हैं। इस बीमारी में बच्चों के हाथ–पैर धीरे–धीरे काम करना बंद कर देते हैं और उन्हें सांस लेने में भी परेशानी होने लगती है। बाद में ये अपनी किसी भी जरूरत के लिए पूरी तरह दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अनमय की जान बचाई जा सकती है और वे भी किसी दूसरे सामान्य बच्चे की तरह जिंदगी जी सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें एक विशेष इंजेक्शन जल्द से जल्द लगवाना होगा। इस इंजेक्शन के एक डोज की कीमत 16 करोड़ रुपये है, जिसे चुकाना किसी भी निम्न मध्यम वर्गीय परिवार के लिए संभव नहीं है। लिहाजा बच्चे की जान बचाने के लिए उनके माता–पिता क्राउड फंडिंग के जरिए मदद की गुहार लगा रहे हैं। कार्यक्रम मे अगुवाई कर रहे अतुल सिंह ने बताया कि दुर्लभ बीमारी एसएमए टाइप–१ से पीड़ित बच्चों के अंग धीरे–धीरे काम करना बंद कर देते हैं और उन्हें सांस लेने तक में बहुत परेशानी होने लगती है। यदि इन बच्चों को सही समय पर एक विशेष इंजेक्शन दिया जा सके तो न केवल इनकी जिंदगी बचाई जा सकती है, बल्कि ये दूसरे बच्चों की तरह सामान्य जिंदगी भी जी सकते हैं। लेकिन इसके लिए यह इंजेक्शन इन्हें जल्द से जल्द मिल जाना चाहिए। इस बीमारी से मुक्ति के लिए इस इंजेक्शन की एक डोज ही काफी होती है। यदि बच्चों को सही समय पर इंजेक्शन नहीं मिल पाता है तो बॉडी के न्यूरॉन्स धीरे–धीरे सूख जाते हैं। ये मस्तिष्क को संदेश भेजना बंद कर देते हैं, जिससे बच्चे को किसी बात का अनुभव नहीं होता। इससे उसकी तकलीफें बढ़ने लगती हैं। विकास तिवारी ने कहा कि इंपैक्ट गुरू नाम की क्राउड फंडिंग वेबसाइट पर अनमय सिंह के लिए लोगों से मदद की गुहार लगाई जा रही है। लोग मदद कर भी रहे हैं, लेकिन इलाज के लिए आवश्यक रकम इतनी ज्यादा है कि इतना पैसा आसानी से जुटता नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि अनमय के माता पिता और सामाजिक संगठन सबसे मदद की अपील कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि लोग आगे आएंगे और अनमय की जान बचाई जा सकेगी। इसी क्रम में दिव्यप्रकाश सिंह ने कहा कि यह इंजेक्शन भारत में नहीं बनाया जाता है। इसे विदेश से मंगवाना पड़ता है जिसकी अमेरिकन मुद्रा में लगभग 2.1 मिलियन डॉलर कीमत आती है। इस समय इसकी कीमत भारत में लगभग 16 करोड़ रुपये है। इसके अलावा इसको आयात करने पर जीएसटी सहित कई टैक्स देने पड़ते हैं। इस प्रकार इसकी कीमत किसी भी परिवार की पहुंच से बाहर हो जाती है। कई संगठनों ने सरकार से अपील की है कि इस तरह की दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं और इंजेक्शन टैक्स फ्री कर दिया जाना चाहिए। लेकिन अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से अतुल सिंह,विकास तिवारी,राहुल सिंह,अभिषेक सिंह,अभयराज, विजय सिंह, निर्भय सिंह, मून, इत्यादि रहे।

## गोवध निवारण अधिनियम का आरोपी गिरफ्तार

मिल्कीपुर(अयोध्या) ।थाना कोतवाली इनायतनगर मे गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोग मुकदमा अपराध संख्या 393ध्2022 धारा 3ध्5ध्8 आईपीसी में वांछित आरोपी हुसैन(19) पुत्र बफाती निवासी ग्राम पंचायत जमुआ थाना इनायतनगर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।थाने में तैनात उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार पाल ने हमराही कांस्टेबल सतीश चंद्र के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपी को किया गिरफ्तार किया।

## कंपोजिट विद्यालय सिड़सिड़ में गैरहाजिर मिले पांच शिक्षक

मिल्कीपुर–अयोध्या । मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय सिड़सिड़ में तैनात शिक्षकों द्वारा मटरगश्ती करते हुए लगातार गैर हाजिरी को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर पंकज मिश्रा ने ऑनलाइन जांच की। जांच के दौरान विद्यालय में 8:30 बजे तक 5 शिक्षक गैरहाजिर मिले। प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि 8:00 बजे तक 2:00 बजे तक खुलता है। शिक्षकों को 7:30 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य होता है। प्रातः 8:30 बजे तक विद्यालय के शिक्षक अजय भारत सिंह, अनीता यादव, अमरनाथ, राजकुमारी, शिक्षामित्र सुनील कुमार विद्यालय नहीं आए थे। जिसकी सूचना खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर को दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि वह अवकाश पर है। लेकिन ऑनलाइन जांच में 5 शिक्षक गैरहाजिर पाए गए हैं। जिनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# छेड़खानी का विरोध करने पर शोहदे फायर झोंका:गोली के छर्रे लगने से युवती का भाई घायल

कानपुर। शहर के गोविंद नगर थाना क्षेत्र में छेड़खानी का विरोध करने पर शोहदे ने युवती के भाई पर फायर झोंक दिया। गोली के छर्रे लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी और हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। गोविंद नगर थाना प्रभारी आशीष द्विवेदी ने बताया कि विवेकानंद नगर में रहने वाली एक युवती को मोहल्ले में रहने वाला शिवम घर से निकलते छेड़खानी और अश्लील कमेंट करता था। 9 सितंबर को भी युवती घर से निकली तो फब्तियां कसते हुए अश्लील कमेंट किया। इसका विरोध करने पर आरोपी शिवम ने घात लगाकर रात को घर से बाहर निकलते ही युवती के भाई पर फायर झोंक दिया। गोली बगल से निकलने पर वह बाल–बाल बच गया, लेकिन छर्रे लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस ने युवती के भाई की तहरीर पर आरोपी शिवम के खिलाफ हत्या का प्रयास और अश्लील कमेंट करने की धारा में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पीड़िता ने बताया कि गोविंद नगर थाने में पहले भी शोहदे के खिलाफ छेड़खानी की शिकायत की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय टरका दिया। पुलिस में शिकायत से झल्लाए शोहदे ने बदला लेने की नियत से फायर झोंक दिया। तब जाकर गोविंद नगर थाने की पुलिस हरकत में आई और मामले में एफआईआर दर्ज करके आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## साहित्य मंगलम की हुई बैठक

अयोध्या । साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था साहित्यमंगलम की बैठक 11 सितंबर जनता अवधा इण्टर कालेज अयोध्या में संस्थाध्यक्ष डॉ जनार्दन उपाध्याय की अध्यक्षता संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 18 सितंबर दिन दोपहर बाद 3 बजे साधारण सभा की बैठक होगी जिसमें कार्यकारणी पुनर्गठन और वार्षिक उत्सव पर चर्चा की जाएगी। अध्यक्षता करते हुए डॉ जनार्दन उपाध्याय ने कहा कि संस्था कई दशकों से सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम निर्विवाद रूप से करती आ रही है क्योंकि वार्षिक उत्सव बड़े पैमाने पर होता है इसकी तैयारी अभी से शुरू होगी तब जाकर के हम लोग निश्चित समय पर कर पाएंगे। उन्होंने कहा की वार्षिक उत्सव से पहले कार्यकारिणी का पुनर्गठन हो जाए जिससे नई ऊर्जा के साथ नई कार्यकारिणी कार्य करेगी और वार्षिक उत्सव को निश्चित रूप से भव्य रूप प्रदान करेगी। संचालन संस्था के महासचिव वीर विक्रमादित्य सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यरूप शेष नारायण मिश्र कार्यकारिणी सदस्य , अंजनी कुमार सिन्हा कोषाध्यक्ष, भानुप्रताप सिंह चन्द्रवंशी प्रचार सचिव एवं पत्रकार , सम्पूर्णानंद बाजपेई उर्फ बागी कार्यकारिणी सदस्य एवं पत्रकार, स्वामी प्रसाद मिश्र कार्यकारिणी सदस्य एवं बरिष्ठ शिक्षक , जय प्रकाश चतुर्वेदी कार्यकारिणी सदस्य एवं बरिष्ठ कवि, सिद्धार्थ मिश्र कवि आदि साहित्य प्रेमियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

## आईआईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर सार्थक ने बढ़ाया मान

मिल्कीपुर–अयोध्या । आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के प्रोफेसर डॉ आर के दोहरे के पुत्र सार्थक दोहरे ने आईआईटी एडवांस परीक्षा में 1139 वी रैंक लाकर कृषि विश्वविद्यालय परिवार सहित शिक्षकों का मान बढ़ाया है। होनहार प्रतिभावान छात्र द्वारा अर्जित की गई बड़ी उपलब्धि को लेकर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। डॉ आर के दोहरे इस समय कृषि प्रसार शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। उनके पुत्र ने देश की तीसरे सबसे कठिन परीक्षा में 1139 वीं रैंक लाकर लाकर विश्वविद्यालय परिवार जिले का मान बढ़ाया है। सार्थक दोहरे कृषि विश्वविद्यालय स्थित एन डी डी ए वी पब्लिक स्कूल के छात्र रहे हैं। उन्होंने बताया कि कठिन परिश्रम एवं लगन एवं गुरुओं के आशीर्वाद से ही यह सब कुछ संभव हो सका है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता को देते हुए शिक्षकों का आशीर्वाद बताया है। सार्थक दोहरे ने बताया की मै आईटी क्षेत्र चाहता हूं।

## बलरामपुर विकास मंच ने जन समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी को दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में



भ्रष्टाचार कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति गौशालाओं में दम तोड़ती गाएं मेमोरियल चिकित्सालय के इमरजेंसी में लाख प्रयासों के बाद भी बाहर से लिखी जा रही दवाएं विरोध करने पर चिकित्सालय में वर्षों से कार्य कर रहे हैं स्थानीय स्टाफ द्वारा आए दिन मरीजों से अभद्र व्यवहार गाली गलौज मरीजों से मारपीट करना आम बात है। चिकित्सकों के प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने व मानक विहीन नर्सिंग होमो पर जांच कर कारवाई कराने के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों पर 50 किलोमीटर के अंदर एक टोल प्लाजा व तीन जगह जबरन वसूली के साथ ही राजस्व विभाग द्वारा दबंग माफियाओं के दबाव में कमजोर दलित राम लखन निवासी विशुनापुर की जमीन पर एक दबंग द्वारा किए गए कब्जे को न्यायालय के 4 महीने ध्वस्ती करण आदेश के बाद भी आज तक लंबित है पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई कराने की मांग की है जैसे मामलों के निस्तारण कराने के संदर्भ में एक 26 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को दिया गया है उक्त अवसर पर बलरामपुर विकास मंच के संयोजक घनश्याम मिश्र के साथ पत्रकार बृजेश कुमार उपाध्याय डॉ राम लखन पत्रकार गणेश प्रसाद यादव पत्रकार दीपिका मिश्रा बृजेश चौहान के साथ ही भगवानदीन रमेश यादव कंचन कश्यप जिला अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत संघ महेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर व पचपेड़वा का हुआ निरीक्षण, स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में एक्सरे मशीन संचालित ना होने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी, एक्सरे टेक्नीशियन का वेतन रोके जाने का दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं का



हाल जानने के लिए जिलाधिकारी डॉक्टर महेंद्र कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर एवं पचपेड़वा का औचक निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी वार्ड का निरीक्षण किया गया तथा मरीजों से वार्ता कर मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी चाहिए। सीएचसी में एक्स रे मशीन संचालित ना पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई एवं एक्स रे टेक्नीशियन का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रतिदिन की दवाओं का वितरण का ब्यौरा रखते हुए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुराने एवं नए पर्चो को रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में किस बीमारी के मरीज ज्यादा आ रहे हैं इसकी जानकारी रखे जाने का निर्देश दिया। गोल्डन कार्ड बनाने में तेजी लाए जाने एवं इस कार्य हेतु आशाओं की ट्रेनिंग कराए जाने का निर्देश दिया। सीएचसी के पीछे निर्माणाधीन 20 बेड के वार्ड का निरीक्षण किया गया एवं निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया गया। सीएचसी परिसर में वाटर लॉगिंग की समस्या के निराकरण के लिए अधिशासी अधिकारी तुलसीपुर को आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी का निरीक्षण किया गया,ओपीडी के लिए अतिरिक्त कमरा बनाए जाने का निर्देश दिया। फार्मासिस्ट द्वारा दवाओं के बारे में पूछे जाने पर समुचित जवाब ना दे जाने पर चेतावनी दिए जाने तथा एक्स–रे टेक्नीशियन को भी चेतावनी दिए जाने का निर्देश दिया। सीएचसी परिसर में रंगाई पुताई कराए जाने एवं साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुशील कुमार, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर मंगलेश दुबे, प्रभारी चिकित्साधिकारी तुलसीपुर, प्रभारी चिकित्साधिकारी पचपेड़वा, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# स्वामी स्वरूपानंद के मृत्यु पर दुख जताया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। द्वारिका शारदा पीठ एवं ज्योतिरमठ



जगद्गुरु शंकराचार्ज्योतिरमठ श्रद्धेय स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का ब्रह्मलीन हो ना आध्यात्मिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है उक्त उदगार तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कही बलरामपुर सदर विधायक पलटू राम ने कहां कि भारत सहित सनातन धर्म की बहुत बड़ी अपूरणीय क्षति है पूर्व मंत्री हनुमंत सिंह विधायक गैसड़ी शैलेश कुमार सिंह शैलू सहित तमाम संभ्रांत व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि दी है।

# स्थानांतरण की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर किया शिक्षण कार्य

## प्राथमिक विद्यालय बसावनपुर में काली पट्टी बांधकर शिक्षण करती शिक्षिका अंशु पंवार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आकांक्षी स्थानांतरण मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों ने सोमवार को अपने–अपने बांह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। इन शिक्षकों की मांग हैध कि आकांक्षी जनपद के नाम पर इस जनपद के शिक्षकों को अंतरजनपदीय स्थानांतरण का लाभ न देना अन्याय हैध। काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने वाली अंशु पवांर, दिव्यांशु सिंह, साक्षी शर्मा, पारुल, प्रतिभा, विभा यादव ,शैल कुमारी, मीनाक्षी, शुभ्रा, संगीता, शीला, पूनम, राजदुलारी, साक्षी शर्मा आदि शिक्षकों ने कहा कि हम सभी घर से काफी दूर परिवार को छोड़कर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। यदि हम सभी अपने परिवार के पास पहुंच जाएं तो दायित्वों का निर्वहन और बेहतर होगा। कहा कि आकांक्षी जनपद के नाम पर हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। पिछले वर्ष आकांक्षी जनपद के कारण अंतरजनपदीय स्थानांतरण से विरत किए शिक्षकों को स्थानांतरण दिया जाय। मांग पूरी होने तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने का सिलसिला जारी रहेगा।








# विकास कार्यो एवं निर्माण कार्यो को लेकर जिलाधिकारी ने किया समीक्षा बैठक




दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास कार्यो एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा कार्यदायी संस्थाओ के संबधित अधिकारियो से जनपद में चल रहे निर्माण कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्था के संबधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पूर्ण कराये। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को बकाया बिजली बिल को जमा कराने का निर्देश दिया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतो के सभी स्कूलो का बकाया बिजली बिल का भुगतान कराये। इसके अलावा जनपद में बचे हुए सामुदायिक शौचालयो का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गोशाला का निरीक्षण करने का निर्देश दिया तथा वहां पर गोवंश के लिए पर्याप्त चारा भूसा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पशुओं का टीकाकरण कराया जाये। सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगो को गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित करे।

अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खंड को नहरों में अंतिम टेल तक पानी पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की समीक्षा की गयी। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (बाल स्वास्थ्य गारन्टी योजना), महिला नसबन्दी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (जननी सुरक्षा योजना), तथा अन्य विभागों के प्रगति की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0, डी0सी0मनरेगा संजय शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायन मौर्य, डी.सी. एन.आर.एल.एम. योगेन्द्र लाल भारती, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला प्रोवेशन अधिकारी विनोद राय, जिला कृषि अधिकारी सी.पी. सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, नलकूप, तथा समस्त संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान यूनियन ने ब्लाक परिसर में किया धरना प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान



यूनियन के लोगों ने 5 सूत्री मांगो को लेकर ब्लाक परिसर में धरना प्रर्दशन किया भाजपा किसान यूनियन के अध्यक्ष नन्द राम यादव के अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन कर कहा कि 1.ग्राम पंचायत फुलवरिया में मनरेगा योजना के अंतर्गत व्यक्तिगत पशु शेड सूची, सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना में टूटे हुए पात्र व्यक्तियों का जांच करवाया जाए, किसानों को खेतों में वह सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को गौशाला में भेजवाया जाए,ग्राम पंचायत कुआंहाटा राज्य वित्त व 15वा वित्त से कराए गए कार्यों की सूची, सभी ग्राम पंचायतों में बनाए गए अधूरे सामुदायिक शौचालय को पूर्ण कर क्रियाशील कराया जाए साथ में अगर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम सभी फिर से धरने पर बैठने का कार्य करेगें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता कपिल देव राय, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद चौधरी सहित जिला अध्यक्षयार मोहम्मद, यु0जि0अ0 पंकज वर्मा, फागू प्रसाद, जबीउल्लाह, अबू हसन, अनिल कुमार राव, मनोज वर्मा, रंजीत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र जोगिया में निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण का हुआ समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया/सिद्धार्थनगर। परिषदीय स्कूलों के सभी बच्चों को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों दिया जा रहा है। प्रशिक्षक प्रमोद त्रिपाठी अजय श्रीवास्तव अनुपम सिंह शशिकांत त्रिपाठी देवेंद्र त्रिपाठी के द्वारा विभिन्न सत्रों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य, सीखाने के सिद्धांत, भाषा व गणित शिक्षण की कार्योजना, लक्षित दक्ष्यतायें, डिकोडिंग शिक्षक संदर्शिका, कार्यपुस्तिका, आंकलन और उपचारात्मक शिक्षण तथा बाइस सप्ताह के कार्यक्रम को सही





राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत मिशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। निपुण भारत मिशन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तीन वर्ष से लेकर नौ वर्ष तक के बच्चों को बेहतर समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई में प्रवीणता के लिये एक राष्ट्रीय पहल है। को बुनियादी साक्षरता और गणितीय ज्ञान पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी कुंवर विक्रम पाण्डेय ने बताया कि निपुण भारत का लक्ष्य बालवाटिका से कक्षा एक, दो और तीन तक के बच्चों को भाषा व संख्या ज्ञान में निपुण बनाना है। जिसके लिए यह प्रशिक्षण तरीके से लागू करने आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान उत्कर्ष श्रीवास्तव, विष्णु त्रिपाठी, शिखा सिंह, अंजली गुप्ता, फरहत जमाल, लवकुश, जय प्रकाश यादव, रामअचल, गिरीश यादव प्रदीप यादव अंब्रेश कुमार, हरिश्चंदआदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

# विश्व हिन्दू महासंघ आज मनायेगा, महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा राष्ट्र संत ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। जिसके परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को सिद्धार्थनगर जनपद के नौगढ़ ब्लाक परिसर में ब्रह्मलीन राष्ट्र सन्त महन्त अवैद्यनाथ के पुण्य तिथि पर विश्व हिंदू महासंघ सिद्धार्थनगर द्वारा ष्सामाजिक समरसता हिन्दुत्व का प्राण है। विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने सोमवार को कचहरी में



पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति होंगे तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष दिग्विजय शाही एवं मुख्य वक्ता मंडल उपाध्यक्ष सूरज शुक्ला रहेंगे। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ हो जयेंगी। इस अवसर पर पूरे जनपद के सभी क्षेत्रों से लोग संगोष्ठी में शामिल होने के लिये आएंगे। उन्होंने बताया प्रदेश अध्यक्ष का पकड़ी में पदाधिकारियों एव कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत कर उन्हें अशोक मार्ग, कलेक्ट्रेट, पेट्रोल पम्प तिराहा होते हुए नगर भ्रमण कराते हुए ब्लाक सभागार तक लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम देशहित के मुद्दों को मजबूती से रखते हैं। जिसके कारण विरोधी और देश द्रोही ताकत हमें और हमारे संस्थान को हानी पहुँचाने में लगे रहते हैं। देश विरोधी ताकतों से लड़ने के लिए हम सब एक होकर मजबूती के साथ तैयार रहे। पत्रकार वार्ता के दौरान विश्व हिंदू महासंघ के अधिवक्ता प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष इंदू कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अधिवक्ता अनिल विश्वकर्मा, धर्माचार्य प्रमुख अधिवक्ता कृपा शंकर त्रिपाठी, अधिवक्ता देवेश श्रीवास्तव, अमन जायसवाल, राजीव वर्मा आदि विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 19 से: बैठक में किया दायित्वों का वितरण

बस्ती। सोमवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हर्रैया बड़कऊ वर्मा के निर्देश पर न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता को सफल बनाने को लेकर हर्रैया बीआरसी के सभागार में बैठक हुई। बैठक में समस्त एआरपी ब्लॉक के समस्त खेल अनुदेशक व सभी न्याय पंचायत के वरिष्ठ शिक्षक संकुल शामिल हुए। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 19 सितम्बर को न्याय पंचायत डुहवा मिश्र 20 सितम्बर को न्याय पंचायत काशीपुर 21 सितम्बर को न्याय पंचायत केशवपुर और मझौवा बाबू 22 सितम्बर को न्याय पंचायत अशोकपुर और कीर्ति दौलतपुर 23 सितम्बर को पंचायत पिकौरा और इन्दौली 24 सितम्बर को न्याय पंचायत जगदीशपुर 26 सितम्बर को दिवाकरपुर और 28 सितम्बर को न्याय पंचायत हर्रैया घाट की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता में बालक तथा बालिका संवर्ग में अलग–अलग दौड़, कबड्डी, खो–खो, बैटमिंटन आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी न्याय पंचायतों के वरिष्ठ शिक्षक संकुल सम्बन्धित न्याय पंचायत के खेल प्रभारी होंगे। इस दौरान गिरिजेश सिंह, दुखहरण शुक्ल, उमेश सिंह,प्रमोद त्रिपाठी, सर्वदेव सिंह,योगेश सिंह, अखिलेश सिंह,राजकुमार विश्वकर्मा, विजय पाण्डेय, आनन्द कुमार,पवन मिश्र,राजकुमार, उत्तम वर्मा,दीपक सिंह,विवेक यादव,अमर चन्द,जितेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

**उन कलाकारों, राईटरों, सिंगरों से सवाल है कि क्या इससे ऊपर उठकर भोजपुरी इण्डस्ट्रीज पर चार चांद नहीं लगाये जा सकते है, जैसे हम साउथ की फिल्मों में देखते है। हमें जरूरत है,भोजपुरी इण्डस्ट्रीज की छवि सुधारने की और ऐसे अशर्लि गानों पर रोक लगाने की, नहीं तो भोजपुरी इण्डस्ट्रीज वह ...**

# भोजपुरी इण्डस्ट्रीज की छवि को धूमिल करता यह भोजपुरी गाना

आज भोजपुरी फिल्म इण्डस्ट्रीज को देश से विदेश तक हर कोई जानता है इसका खासा असर बिहार, उत्तर प्रदेश एवं उनकी सीमाओं से लगे हुए क्षेत्रों में दिखता है जहां शादी विवाह, जन्मदिन आदि में इन भोजपुरी गानों को दिल खोल बजाया जाता है। हम बात करें तो भोजपुरी स्टार रवि किशन, मनोज तिवारी, दिनेश लाल निरहुआ की जिन्होंने जीतोड मेहनत करके अपने अभिनय की रूचि दिखाकर भोजपुरी फिल्म इण्डस्ट्रीज जिसे कुछ सालों पहले कोई भी नहीं जानता था उसे जमीं से उठाकर आसमां तक पहुंचाया, और दर्शकों ने भोजपुरी फिल्मों की स्टोरी एवं उनके अभिनय को स्वीकार किया और दिल खोलकर प्यार लुटाया और उन्हें सुपर स्टार बनाया। लेकिन आज भोजपुरी फिल्म इण्डस्ट्रीज में अपना सिक्का जमा रहे नये स्टार, राइटर और सिंगर जो कम समय में ज्यादा पैसा कमाने की होड में अशखीलता से परोस रहें है, जिनके गाने एवं अभिनय भोजपुरी फिल्म इण्डस्ट्री को गन्दा–मैला कर रहें है, आजकल यू ट्यूब में एक गाना सुपर वायरल हो रहा है जिसके शुरूआत.. देवरा ढोढी चटना बा ..से होती है यदि आप बिहार या फिर उत्तर प्रदेश के होंगे तो शायद आपको ढोढी का मतलब बताने की जरूरत नहीं होगी, इस गाने में राइटर सिंगर और कलाकारों ने अश्लीलता की ऐसी हदें पार की है जिसे हम इस लेख के जरिये बयां नहीं कर सकते हैं, इससे पहले भी बीच–बीच में भोजपुरी गानों को लेकर सवाल उठते रहें है, परन्तु ऐसी गन्दगी आज तक नहीं देखी गई इस गाने में भाभी और देवर के पवित्र रिश्तों को ऐसे फिल्माया गया है जिससे इस रिश्ते की पवित्रता तार तार कर दी गई है जिसकी कोई हद नहीं, हालांकि ऐसे गाने बनकर तैयार हो जाते है और यूट्यूब पर सुपर वायरल हो जाते है पर सरकार क्या करती है? इनको केंद्रीय फिल्म प्रमाणन एवं सेंसर बोर्ड हरी झंडी कैसे दे देता है, आज




सोशल मीडिया पर कोई सरकार के खिलाफ एक कमेंट कर देता है तो मानों भूचाल सा आ जाता है उसे 24 घंटों में गिरफ्तार कर लिया जाता है लेकिन ऐसा गाना सुपर वायरल हो जाता है और सरकार सोती रहती है, ऐसे गानों पर कार्यवाही क्यों नहीं होती है जिससे अपनी भोजपुरी संस्कृति अपना अस्तित्व खोती जा रही है, इस गाने को लेकर कुछ पत्रकारों एवं यू ट्यूबर ने श्याम सैम जिन्होंने इस गाने को बोल दिये थे, उनसे सवाल किये गये तो उनका जवाब सुनकर बढ़ी हैरानी सी हुई उन्होंने सवाल का जवाब देते हुए कहा यदि पब्लिक की मांग है तो हमें ऐसे गाने लिखने होंगे जो पब्लिक को पसंद है वही आज लिखा एवं फिल्माया जा रहा है गाना सुनने एवं देखने के लिए किसी को मजबूर नहीं किया जा रहा है इसमें देखना या सुनना आप पर निर्भर करता है यदि इसमें अशखीलता है तो वह सुपरहिट ना होता, इसी को लेकर सिंगर चंदन चंचल के पिता एवं उनकी भाभी से चर्चा की गई तो उन्होंने भी इस गाने को अश्लील एवं भोजपुरी इण्डस्ट्रीज को बदनाम करने वाला करार दिया, आज भोजपुरी के उन कलाकारों, राईटरों, सिंगरों से सवाल है कि क्या इससे ऊपर उठकर भोजपुरी इण्डस्ट्रीज पर चार चांद नहीं लगाये जा सकते है, जैसे हम साउथ की फिल्मों में देखते है। हमें जरूरत है,भोजपुरी इण्डस्ट्रीज की छवि सुधारने की और ऐसे अशखील गानों पर रोक लगाने की, नहीं तो भोजपुरी इण्डस्ट्रीज वह गुमनाम इण्डस्ट्रीज कहलायेगी जिसे रवि किशन, निरहुआ जैसे कलाकारों ने अपनी कड़ी मेहनत से इतनी ऊंचाईयों तक पहुंचाया है, ऐसे में युवा छात्र छात्राओं, महिलाओं सभी को एक साथ आगे आना चाहिए एवं सोशल मीडिया के जरिये एवं सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करना चाहिए, जिससे हमारी संस्कृति अपना अस्तित्व ना खो पाये।

# यह आपने क्या कहा?

एक खास आय के ऊपर के लोग इनकम टैक्स देते हैं, लेकिन विभिन्न प्रकार के परोक्ष करों का बोझ सभी लोग उठाते हैं। और अब तो ट्रेंड यह है कि सरकारी राजस्व में दोनों प्रकार के करों का हिस्सा लगभग बराबर हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सरकारी शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने के मुद्दे पर हो रही थी। इस दरम्यांन तरह–तरह के परिधान (मसलन, जींस, शॉर्ट्स) पहनने के अधिकार संबंधी सवाल उठाए गए। मुस्लिम पक्ष के वकील संजय हेगड़े ने इसी सिलसिले में कहा– हर बात का एक संदर्भ होता है। आज का संदर्भ है सरकारी कॉलेजों में शिक्षा तक पहुंच का। सरकार सबके धन से चलती है। इस पर न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता ने एक अविश्वसनीय–सी टिप्पणी कर दी। कहा– सरकार सबरे धन से नहीं चलती, क्योंकि सिर्फ चार प्रतिशत लोग इनकम टैक्स देते हैं। यह टिप्पणी यह बताती है कि अभिजात्य वर्गों और उनके मीडिया के द्वारा लगातार किए जाने वाला दुष्प्रचार किस हद तक एक सचेत व्यक्ति की अंतर्चेतना में भी उतर जाता है। वरना, न्यायमूर्ति इतनी सहजता से यह बात नहीं कह पाते। उन्हें यह भान होना चाहिए था कि टैक्स हर नागरिक देता है।

एक खास आय के ऊपर के लोग इनकम टैक्स देते हैं, लेकिन विभिन्न प्रकार के परोक्ष करों का बोझ सभी लोग उठाते हैं। और वर्तमान सरकार के शासनकाल में तो ट्रेंड यह है कि परोक्ष करों धीरे–धीरे इतनी बढ़ोतरी हो गई है कि सरकारी राजस्व में दोनों प्रकार के करों का हिस्सा लगभग बराबर हो गया है। इसके अलावा ये बात भी जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि जो लोग अधिक टैक्स देते हैं, व्यवस्था की सुरक्षा और सुविधाओं का भी अधिक लाभ वही उठाते हैं। आखिर अरबों रुपये के खर्च से बनने वाले हाईवे और एक्सप्रेस–वे किसके काम आते हैं? अगर कार्बन उत्सर्जन में अमीर जीवन शैली के हिस्से पर ध्यान दें, तो यह बात भी स्पष्ट होगी कि धनी लोगों के उपभोग से हो रहे जलवायु परिवर्तन की सबसे ज्यादा मार गरीब तबकों को उठानी पड़ रही है। दरअसल, जो सोच न्यायमूर्ति ने जताई, उसके सर्वव्यापी होते जाने का ही परिणाम है कि देश लगातार अपनी संवैधानिक बचनबद्धताओं से हटता जा रहा है। लोकतंत्र के बाहरी आवरण के अंदर वह लगातार कुलीनतंत्र का रूप लेता जा रहा है। इसलिए ऐसी सोच जहां से भी आए, उसका जरूर प्रतिवाद होना चाहिए।

# कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव

**करेगी और खुले अधिवेशन में पेश किए जाने के लिए प्रस्ताव पास करेगी। वर्किंग कमेटी के प्रस्तावों के अलावा एक दिन उन तजवीजों पर गौर करने के लिए दिया जायेग जिनकी सूचना नियमानुसार प्रांतीय सूबा कश्नंग्रेस कमेटियों और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की ओर से दे दी गई हो । धारा–3 में पार्टी की सदस्यता के बारे में लिखा गया है कि 18 साल या उससे अधिक उम्र का कोई ...**

अजय दीक्षित

137 वर्ष पुरानी कॉग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव होना है । अभी तक पिछले कुछ वर्षों में मनोनीत अध्यक्ष कामचलाऊ व्यवस्था के अन्तर्गत काम कर रहे हैं । जिस पार्टी के कर्णधार कभी महात्मा गांधी थे, वह एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है । कॉग्रेस पार्टी के मुख्यालय में दिल्ली पत्र लिखने पर पार्टी के संविधान की प्रति नहीं मिली । जिले के वरिष्ठ कॉग्रेसियों के पास भी पार्टी के संविधान की प्रति नहीं है । सभी राजनैतिक दलों का संविधान पार्टी कार्यालयों में नहीं है । मेरे घर के सामने एक रिटायर्ड प्रोफेसर साहब रहते हैं, उनके पुस्तकों के निजी संग्रह में इण्डियन नेशनल कॉग्रेस का सन् 1939 का विधान था । उसी से निम्नलिखित वक्तव्य लिखा जा रहा है । राष्ट्रपति का चुनावः (क) राष्ट्रपति के चुनाव के लिए कोई भी दस प्रतिनिधि संयुक्त रूप से किसी प्रतिनिधि या ध ाारा 3 और 7 के अनुसार आवश्यक योग्यता रखने वाले किसी भूतपूर्व राष्ट्रपति के नाम का प्रस्ताव धारा 15 कर सकते हैं, लेकिन वह प्रस्ताव कांग्रेस के प्रधान मंत्री के पास वर्किंग कमेटी द्वारा निश्चित तारीख को या उससे पहले पहुँच जाना चाहिए । (ख) जिन नामों के लिए इस प्रकार प्रस्ताव आएँगे, प्रध ाान मंत्री उन्हें प्रकाशित कर देंगे और प्रकाशन के दस दिन बाद तक किसी भी उम्मीदवार को अपना नाम वापिस ले लेने का हक होगा । (ग) वापिस लिए गए नामों को छोड़ कर बाकही सब नाम प्रधान मंत्री द्वारा प्रकाशित



कर दिए जाएँगे और उन्हें प्रांतीय कांग्रेस कमेटियों के पास भी भेज दिया जायेगा ।

(घ) जो तारीख वर्किंग कमेटी मुकर्रर करेगी उस दिन सूबा कॉग्रेस कमेटी द्वारा नियत स्थान पर जा कर प्रत्येक प्रतिनिधि को राष्ट्रपति के पद के लिए किसी भी उम्मीदवार को वोट देने का हकध होगा ।

(ङ) सूबा कांग्रेस कमेटी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में इस बात की सूचना भेजेगी कि किस उम्मीदवार के पक्ष में कितने नियमित वोट आए हैं । (च) सूबा कांग्रेस कमेटियों की रिपोर्ट के बाद जितनी जल्दी हो सकेगा प्रधान मंत्री जिसके नाम के लिए सब से ज्यादा वोट मिले हों, उसे निर्वाचित राष्ट्रपति घोषणा करेंगे, बशर्ते कि उम्मीदवार को पचास प्रतिशत से कम वोट नहीं मिले हों । (छ) अगर किसी भी उम्मीदवार को आवश्यक प्रतिशत संख्या में वोट नहीं मिलते तो प्रधान मंत्री द्वारा निश्चित तारीख को प्रत्येक सूबे के प्रतिनिधि मिल कर पिछले चुनाव में सब से अधिक संख्या में वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों में से एक को चुन लेंगे और सूबा कॉग्रेस कमेटियों से चुनावफल की रिपोर्ट पाने के बाद दोनों में से अधिक वोट पाने वाले को प्रधान मंत्री निर्वाचित राष्ट्रपति घोषित कर देंगे । (ज) निर्वाचित राष्ट्रपति की मृत्यु या इस्तीफे के कारण विशेष परिस्थिति उत्पन्न होने पर प्रधान मंत्री उपरोक्त विधि से प्रतिनिधियों द्वारा नए राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए तारीख नियत करेंगे । यदि इस रीति से चुनाव संभव न हो सके तो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रपति का निर्वाचन करेगी । विषय निर्वाचन समिति

(क) वार्षिक अधिवेशन से पहले निर्वाचित नई अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी की बैठक नव निर्वाचित राष्ट्रपति के सभापतित्व में खुले अधिवेशन से कमजकम दो दिन पहले होगी । नव धारा 16 निर्वाचित राष्ट्रपति की अध्यक्षता में पुरानी वर्किंग कमेटी विषय निर्वाचन समिति के सामने अधिवेशन के लिए कार्यक्रम का मसविदा पेश करेगी, जिसमें वे प्रस्ताव भी शामिल होंगे जो प्रांतीय कॉग्रेस कमेटियों की ओर से पेश किए गए हों । (ख) विषय निर्वाचन समिति कार्यक्रम पर बहस करेगी और खुले अधिवेशन में पेश किए जाने के लिए प्रस्ताव पास करेगी। वर्किंग कमेटी के प्रस्तावों के अलावा एक दिन उन तजवीजों पर गौर करने के लिए दिया जायेग जिनकी सूचना नियमानुसार प्रांतीय सूबा कॉग्रेस कमेटियों और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की ओर से दे दी गई हो । ध ाारा–3 में पार्टी की सदस्यता के बारे में लिखा गया है कि 18 साल या उससे अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति 4 आना शुल्क देकर पार्टी का सदस्य बन सकता है इसे वोट देने का अधिकार होगा । धारा –7 में यह प्रावधान है कि वही सदस्य वोट दे सकता है जिसका नाम सूची में चुनाव से 12 महीने पहले का है । नोट रू तब पार्टी के अध्यक्ष को राष्ट्रपति कहते थे । कार्यवाही की भाषा हिन्दुस्तानी होगी या प्रान्तों में प्रान्तीय भाषा ।

**एक देश और समाज के नाते भारत जातियों, संप्रदायों और प्रांतों में बंटा हुआ है। क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए पहले से मौजूद विभाजन को गहरा किया गया है। राहुल को यह विभाजन मिटाना है और खाई को भरना है। इसलिए उनकी कामयाबी सिर्फ कांग्रेस के लिए जरूरी नहीं है, बल्कि देश के लिए भी जरूरी है। अंत में कुंवर नारायण की दो पंक्तियां– कोई दुख मनुष्य के साहस से बड़ा...**

# स्वागत है राहुल गांधी!

अजीत द्विवेदी

राहुल गांधी पदयात्रा पर निकले हैं। भारत के ज्ञात इतिहास की यह सबसे लंबी पदयात्रा है। वे साढ़े तीन हजार किलोमीटर पैदल चलेंगे। उनकी यात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से गुजरेगी। भारत की एकता, अखंडता और विशालता को बताने के लिए आम बोलचाल में श्कश्मीर से कन्याकुमारीय का जुमला बोला जाता है। राहुल कश्मीर से कन्याकुमार की दूरी को अपने कदमों से नापने जा रहे हैं। यह बेहद महत्वाकांक्षी अभियान है। लेकिन जैसा कि खुद राहुल गांधी ने कहा कि उनके पास कोई रास्ता नहीं बचा तो जनता के बीच जाने का विकल्प चुनना पड़ा। यह विकल्प उन्हें पहले चुनना चाहिए था। फिर भी देर आए दुरुस्त आए! देर से ही सही वे अपनी पार्टी की किस्मत बदलने और अपनी छवि पर लगे या लगा दिए गए दाग को धोने निकले हैं। यात्रा का घोषित मकसद चाहे जो हो पर उसका असली मकसद यह है कि कांग्रेस की किस्मत और राहुल के बारे में बनी धारणा बदले।

इस यात्रा से ये दोनों मकसद हासिल हो सकते हैं। भारत में राजनीतिक यात्राओं के सफल होने का इतिहास रहा है। गांधी पैदल चले थे और एक चुटकी नमक बना कर उन्होंने अंग्रेजी राज की नींव हिला दी थी। आजाद भारत में जितने भी नेताओं ने पदयात्रा या रथयात्राएं कीं उनको कामयाबी मिली। चंद्रशेखर ने 1980 में जनता पार्टी के हारने और बिखर जाने के तीन साल बाद 1983 में कन्याकुमारी के उसी विवेकानंद स्मारक से अपनी भारत यात्रा शुरू की थी, जहां श्रद्धांजलि देकर राहुल ने अपनी यात्रा शुरू की है। चंद्रशेखर को उसके बाद सात साल लगे लेकिन वे देश के प्रधानमंत्री बने। आंध्र प्रदेश के तीन नेताओं ने यात्राएं कीं और तीनों को सत्ता हासिल करने में कामयाबी मिली। पहले एनटी रामाराव ने रथयात्रा की और उसके बहुत बाद में वाईएसआर रेड्डी और फिर उनके बेटे जगन मोहन रेड्डी ने पदयात्रा की। 1984 में लोकसभा की दो सीटों पर सिमट गई भाजपा के नेता लालकृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा की तो भाजपा को सत्ता मिली। तभी कह सकते हैं कि हारे हुए लोग जब हिम्मत करके चलना शुरू करते हैं तो उन्हें देर–सबेर मंजिल मिलती है।

हां, कुछ लोग ऐसे जरूर होते हैं, जिनको चलना शुरू करते ही मंजिल मिल जाती है। ऐसे लोग भाग्यशाली होते हैं। लेकिन जो लोग चलते हुए ठोकर खाकर गिरते हैं और फिर उठ कर चलना शुरू करते हैं, ऐसे लोग प्रेरणास्रोत बनते हैं, अनुकरणीय होते हैं। यह भी विचित्र बात है कि दुनिया हारे हुए लोगों को हेय दृष्टि से देखती है लेकिन उसी हारे हुए व्यक्ति के संघर्ष का सम्मान करती है, उसे सलाम करती है। अगर हारे हुए व्यक्ति का संघर्ष सफल हो जाए तो वह समुद्र मंथन से मिले अमृत की तरह होता है और संघर्ष से तपा हुए व्यक्ति नया इतिहास लिखता है। दिनकर ने लिखा है– जब विघ्न सामने आते हैं, सोते से हमें जगाते हैं, मन को मरोड़ते हैं पल–पल, तन को झंझोरते हैं पल–पल, सत्पथ की ओर लगा कर ही, जाते हैं हमें जगा कर हीज्ज् जो लाक्षा गृह में जलते हैं, वे ही सूरमा निकलते हैं, बढ़ कर विपत्तियों पर छा जा, मेरे किशोर! मेरे ताज! जीवन का रस छन जाने दे, तन को पत्थर बन जाने दे, तू स्वंय तेज भयकारी है, क्या कर सकती चिनगारी है, बरसों तक वन में घूम घूम, बाध ाा विघ्नों को चूम चूम, सह धूप घाम पानी पत्थर, पांडव आए कुछ और निखर, सौभाग्य न सब दिन सोता है, देखें आगे क्या होता है! राहुल को अपनी इस यात्रा से सोते हुए सौभाग्य को जगाना है। राहुल के लिए न हार नई है और न दुख नए हैं।



उन्होंने किशोर उम्र में अपनी दादी को आतंकवादियों की गोली खाकर मरते देखा है। जवानी की दहलीज पर खड़े राहुल ने अपने पिता की वीभत्स मौत देखी है। अपनी मां के ऊपर बेहद अभद्र और अश्लील हमले देखे हैं। वे जब राजनीति में उतरे तो कांग्रेस को सत्ता मिली लेकिन खुद राहुल कभी उस सत्ता का हिस्सा नहीं बने। वे चाहते तो भारतीय राजनीति के शिखर पर पहुंचने यानी प्रधानमंत्री बनने का आसान रास्ता चुन सकते थे। उनके सामने प्रधानमंत्री बनने का मौका था। लेकिन उन्होंने मुश्किल रास्ता चुना। उस मुश्किल रास्ते पर वे लगातार हार का सामना कर रहे हैं। उनकी पार्टी दो बार से लोकसभा का चुनाव ऐसे हार रही है कि संसद के निचले सदन में कांग्रेस को मुख्य विपक्षी पार्टी का दर्जा भी नहीं मिल पा रहा है। राज्यों में लगातार कांग्रेस हार रही है। उनकी पार्टी छोड़ कर गए गुलाम नबी आजाद ने बताया है कि कांग्रेस पिछले आठ साल में राज्यों के 39 चुनाव हारी है। लेकिन आजाद ने यह नहीं बताया कि कितनी जगहों पर जीतने के बाद राहुल को हराया गया? कितने राज्यों में चुनाव जीत कर या चुनाव बाद गठबंधन करके सरकार बनाने के बाद कांग्रेस की सरकार गिराई गई? इन असफलताओं और साजिशों ने निश्चित रूप से उनको निराश किया होगा इसके बावजूद वे फिर कमर कस कर निकले हैं तो उनका स्वागत होना चाहिए।

वे नेहरू–गांधी परिवार की विरासत और परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। इतिहास के साथ, नियति के साथ उस परिवार का एक वादा है, जिसे निभाने राहुल सड़क पर उतरे हैं। यह 137 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा प्रयास है। अगर वे सफल होते हैं तो यह उनकी निजी सफलता नहीं होगी। यह इतिहास के प्रति उनका कर्तव्य निर्वहन होगा। भारत के महान लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी निभाना होगा। इस रास्ते में बहुत सी मुश्किलें आएंगी। उनका मुकाबला ऐसी ताकत से है, जिसे अपने विरोधियों के प्रति साम, दाम, दंड, भेद सारे उपाय आजमाने में कोई हिचक नहीं होती है। जिन साधनों से पिछले आठ–दस साल में राहुल गांधी की छवि बिगाडने का सफल कार्य हुआ है। वो सारे साधन फिर आजमाए जाएंगे। यात्रा को विफल बनाने के सारे प्रयास होंगे। लेकिन इतिहास गवाह है कि ऐसे प्रयास अंततरू असफल होते हैं। राहुल की यह यात्रा कांग्रेस की किस्मत बदलने और उनकी खुद की छवि बदलने के साथ साथ भारत को जोडने वाली साबित हो सकती है, जिसकी आज सबसे ज्यादा जरूरत है। एक देश और समाज के नाते भारत जातियों, संप्रदायों और प्रांतों में बंटा हुआ है। क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए पहले से मौजूद विभाजन को गहरा किया गया है। राहुल को यह विभाजन मिटाना है और खाई को भरना है। इसलिए उनकी कामयाबी सिर्फ कांग्रेस के लिए जरूरी नहीं है, बल्कि देश के लिए भी जरूरी है। अंत में कुंवर नारायण की दो पंक्तियां– कोई दुख मनुष्य के साहस से बड़ा नहीं, वहीं हारा जो लड़ा नहीं।



# अब साल में 48 दिन नहीं बल्कि एक दिन खानी होगी दवा

## फाइलेरिया मरीजों का डब्ल्यूएचओ मॉडल पर होगा इलाज

सीतापुर। फाइलेरिया हाथी पांव बीमारी के साथ जी रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। इन मरीजों को अब साल में सिर्फ एक बार ही यह दवा खानी होगी। इससे भी अच्छी खबर यह है कि अब एक दिन की दवा के खाने से ही मरीज ठीक हो सकेगा। फाइलेरिया जैसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए अब प्रदेश में विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ के मॉडल को अपनाया जा रहा है। एसीएमओ वीबीडी डा. राजशेखर ने बताया कि अभी तक फाइलेरिया संक्रमित मरीज को तीन.तीन महीने के अंतराल पर 12–12 दिन दवा खानी पड़ती थी। इस तरह से एक मरीज को एक साल में कुल 48 दिन दवा खानी पड़ती थी। लेकिन अब प्रत्येक मरीज को साल में एक ही दिन दवा खानी होगी। उन्होंने बताया कि यदि फाइलेरिया का कोई भी मरीज लगातार पांच सालों तक फाइलेरिया से बचाव की दवा खा ले तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। एसीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर काटने से होता है। इस मच्छर के काटने से पुवेरिया नाम के परजीवी शरीर में जाने से ये रोग होता है। वयस्क मच्छर छोटे.छोटे लार्वा को जन्म देता है जिन्हें माइक्रो फाइलेरिया कहा जाता है। ये मनुष्य के रक्त में रात के समय एक्टिव होता है। इस कारण स्वास्थ्य टीम रात में ही पीडिघ्त का ब्लड सैंपल लेती हैं। रक्त के नमूने की जांच में ये पता किया जाता है कि मरीज के रक्त में परजीवी की संख्या कितनी है। जिसके बाद मरीज का उपचार शुरू होता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से बचाव की दवा खाली पेट नहीं खानी है। दो साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती व गंभीर रूप से बीमार लोगों को यह दवा नहीं खानी। दवा खाने से जब शरीर में परजीवी मरते हैं तो कई बार सिरदर्द, बुखार, उलटी, बदन में चकत्ते और खुजली जैसी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती हैं। यह स्वतरू ठीक हो जाते हैं।

फाइलेरिया के लक्षण ...

फाइलेरिया संक्रमित मच्छरों के काटने के बाद व्यक्ति को बहुत सामान्य लक्षण दिखते हैं। अचानक बुखार आना यआमतौर पर बुखार 2–3 दिन में ठीक हो जाता है। हाथ.पैरों में खुजली होना, एलर्जी और त्वचा की समस्या, स्नोफीलिया, हाथों में सूजन, पैरों में सूजन के कारण पैर का बहुत मोटा हो जाना, पुरुषों के जननांग और उसके आस.पास दर्द व सूजन होना, पुरुषों के अंडकोष व महिलाओं के स्तन में सूजन आना जाती है में सूजन फाइलेरिया के लक्षण हैं।

ऐसे करें बचाव ...

फाइलेरिया से बचाव के लिए मच्छरों से बचना जरूरी है और मच्छरों से बचाव के लिए घर के आस.पास पानी, कूड़ा और गंदगी जमा न होने दें। घर में भी कूलर, गमलों अथवा अन्य चीजों में पानी न जमा होने दें। सोते समय पूरी बांह के कपड़े पहने और मच्छरदानी का प्रयोग करें। यदि किसी को फाइलेरिया के लक्षण नजर आते हैं तो वे घबराएं नहीं। स्वास्थ्य विभाग के पास इसका पूरा उपचार उपलब्ध है। विभाग स्तर पर मरीज का पूरा उपचार निरूशुल्क होता है। इसलिए सीधे सरकारी अस्पताल जाएं।

# दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन

सीतापुर। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना हिंदू एकता समाज सेवा ट्रस्ट के द्वारा जनपद सीतापुर में दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सफल मंच का संचालन प्रदेश संरक्षक गोपाल टंडन के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव के द्वारा सभी उपस्थित दिव्यांगों को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुछ दिव्यांग जनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। उनको राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया गया।

राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू ने कहा कि भविष्य में दिव्यांग जनों के लिए रोजगार की व्यवस्था, उपचार की व्यवस्था एवं आवागमन के लिए वाहन की व्यवस्था इत्यादि विषयों पर प्रशासन से वार्ता करके दिव्यांग जनों को यह सुविधा का दिलवााई जायेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भगवान शरण हिंदू, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विकास हिंदू, जिला संगठन मंत्री अनिल त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष विवेक हिंदू, उमापति हिंदू जिला संरक्षक अमरपाल, जिला अध्यक्षा मातृशक्ति प्रकोष्ठ नीलम हिंदू, जिला सचिव रंजना मिश्रा, नगर अध्यक्ष सुषमा पांडे, योशिता, नीलम राजपूत, मोना राजपूत, सपना मिश्रा, जिला सचिव पुनीत पांडे, जिला सचिव नरेंद्र जिला उपाध्यक्ष रवि बाजपेई, जिला महासचिव अभिषेक एवं तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम संयोजक जिला अध्यक्ष भगवान शरण हिंदू ने सभी का आभार प्रकट किया।

# काली कमाई से करोड़ों की इमारतें खड़ी कर बना दिए जुएं और सट्टे के अड्डे

## आखिर पुलिस क्यों मेहरबान बड़ा सवाल दाल में काला या फिर दाल ही काली,सट्टा किंग का गुर्गा कब बनेगा मुर्गा

हरदोई।पान की गुमटी लगाने वाला मामा महज कुछ सालों में ही शहर का सट्टा किंग बन गया।गरीब,मजदूर पेशा लोग और युवाओं का खून चूसकर मामा ने सट्टे और जुएं के काले कारोबार से करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित की और इसी संपत्ति से करोड़ों रुपए कीमत के मकान,आवासीय प्लॉट और कृषि योग्य भूमि और लक्जरी गाड़ियां खरीदी।इन सब के पीछे अनपढ़ शातिर मामा की सोची समझी रणनीति थी उसे संपत्तियां अर्जित कर अमीर बनना और अपना रसूख तो बढ़ाना ही था साथ ही साथ जुएं और सट्टे के अड्डे भी बनाने थे,लिहाजा अपनी संपत्तियों को ही मामा ने जुएं और सट्टे का अड्डा बना दिया और फिर घर में बैठकर ही अपने गुर्गों की मदद से अवैध सट्टे और जुएं के काले कारोबार को संचालित करने लगा।

अपने गैंग के जरिए मामा ने मटका सट्टा और जुएं के साथ–साथ क्रिकेट मैच में भी सट्टा लगवाना शुरू कर दिया।शहर के युवाओं को यह प्रलोभन देता है कि क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले खिलाड़ी लाकर दो जितने का सट्टा लगेगा उसका तीन परसेंट खिलाड़ी लाने वाले को दिया जाएगा।ऐसे में अब मामा के सिंडिकेट में मामा के प्रमुख गुर्गों के साथ ही मामा ने शहर के युवाओं को भी इस धंधे में शामिल करना शुरू कर दिया है।मामा ने इस काले कारोबार के जरिए अवैध कार्यों से अर्जित करोड़ों रुपए से कैनाल रोड पर रॉयल होटल के पड़ोस में मकान,सहारा इंडिया बैंक के पास सड़क पर बेशकीमती जमीन जिसमे निर्माण कार्य जारी है,फायर स्टेशन के सामने गली में,चन्दीपुरवा व रेलवे लाइन के किनारे और गरीबपुरवा,और नघेटा रोड पर करोड़ों रुपए कीमत के मकान खरीदे और बनवाये साथ ही करोड़ों रुपए कीमत की लखनऊ रोड पर नयागांव में बेशकीमती जमीन समेत कई आवासीय प्लाट और लक्जरी कारें खरीदीं।यही नहीं मामा ने अपने गुर्गे मोनू पाल को भी स्कोडा जैसी लक्जरी कार खरीद कर दी।मामा और उसके गुर्गों ने खरीदे गए बेशकीमती मकानों के साथ साथ अपने घरों को ही जुएं और क्रिकेट सट्टे का अड्डा बना रखा है।

मामा के हिस्ट्रीशीटर गुर्गे शहर में जिंदपीर चौराहा,गिब्सनगंज अरुणा पार्क के निकट रेलवेगंज,नईबस्ती, पिहानी चुंगी,नुमाइश चौराहा,लखनऊ चुंगी झबरापुरवा,आजाद नगर, धर्मशाला रोड समेत विभिन्न स्थानों पर मटका सट्टा और क्रिकेट सट्टा का संचालन करते हैं।मामा के गुर्गों में मोनू पाल,सुनील,राजू नई बस्ती,राजीव गुप्ता राजू,अनिकेत उर्फ भूरी समेत तमाम गुर्गे उसका काला कारोबार संभालते हैं।मामा के गुर्गों में राजीव गुप्ता उर्फ राजू गुप्ता हिस्ट्रीशीटर अपराधी है इसके खिलाफ मारपीट,जानलेवा हमला,जुआ खेलने खिलाने समेत कई मामले दर्ज हैं साथ ही इसके खिलाफ गुंडा एक्ट भी तामील किया जा चुका है लेकिन यह अपने गुर्गों के साथ ही पिहानी चुंगी और नुमाइश चौराहे पर अपना अड्डा खुलेआम संचालित कर रहा है और गरीबों,मजदूर पेशा लोगों व युवाओं का खून चूसने में जुटा है।

कई दिनों से समाचार पत्रों की सुर्खियां बनने के बाद मामा अपने खास गुर्गे मोनू पाल स्कोडा समेत अन्य गुर्गों के साथ पुलिस के डर से फरार हो गया था लेकिन अब कुछ दिन फरारी काटने के बाद मामा और उसका गैंग शहर में फिर से आ चुका है।मामा और उसके गुर्गे शहर में खुलेआम मटका सट्टा और क्रिकेट सट्टे के कारोबार को संचालित कर रहे हैं यही नहीं, सांडी रोड स्थित राजेपुर गांव के पास खेतों में जुए का कारोबार पुनः शुरू हो गया है।मामा के राजेपुर में जुएं के फड़ पर हरदोई,फर्रुखाबाद,शाहजहांपुर, सीतापुर और लखीमपुर समेत कई जिलों के जुआरियों की महफिल सजती है और फिर लाखों ही नहीं, करोड़ों के वारे न्यारे होते हैं।खुलेआम शहर में जुए के अड्डे संचालित होने के बावजूद भी पुलिस का मामा और उसके गैंग पर कार्रवाई ना करना एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है कि आखिर पुलिस सट्टा किंग और उसके गुर्गों पर आखिर क्यों मेहरबान है।ऐसे में लोगों में तमाम चर्चाएं हैं कि दाल में कुछ काला है या फिर दाल ही काली है,खैर यह तो पुलिस जाने या फिर सट्टा किंग और उसके गुर्गे।

करीब 6 साल पहले रेलवेगंज में रेलवे स्टेशन के निकट कौशल गुप्ता मामा पान की गुमटी लगाता था।अनपढ़ मामा पढ़ा लिखा तो था नहीं लेकिन कढ़ा जरूर था।जल्द अमीर बनने की चाहत में उसने शॉर्टकट अपनाया और जरायम की दुनिया का रास्ता अख्तियार किया।लोगों को पान में कत्था और चूना लगाकर उनको स्वाद देने के लिए मशहूर मामा मटका और क्रिकेट सट्टा के काले कारोबार में उतर गया और आम जनमानस को ही चूना लगाने लगा।उसने अपना काला कारोबार फैलाया और जिम्मेदारों के साथ गठजोड़ कर चंद सालों में ही करोड़ों की संपत्ति का मालिक बन गया।उसने गरीबों का खून चूस कर करोड़ों रुपया कमाया लेकिन प्रॉपर्टी अपने परिवार के लोगों के नाम खरीदी ताकि मामा पर कोई सीधी उंगली ना उठा सके।ऐसे में जिम्मेदारों के रहमों करम पर मामा का धंधा खूब फला फूला और चंद सालों में ही मामा,उसका परिवार और गुर्गे बगैर किसी व्यापार के करोड़ों की संपत्ति के मालिक बन गये।

# मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति ने पुजारी के सिर पर मारी कुल्हाड़ी, घायल

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के अनोगी बाबा स्थान पर एक व्यक्ति ने पुजारी के सिर पर कुल्हाड़ी का बेटा मार कर उसे घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने उस व्यक्ति को कुल्हाड़ी समेत पकड़ लिया और कोतवाली लाकर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार मुन्नालाल पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम मनकापुर क्षेत्र के अनोखी बाबा मंदिर में पुजारी हैं। बीती देर शाम मल्हा पुत्र रामचरण निवासी गनीपुर अचानक अनोगी बाबा स्थान पर पहुंचा तथा कुल्हाड़ी से पुजारी पर वार कर दिया। पुजारी ने स्वयं को बचाने का प्रयास किया। जिसके चलते कुल्हाड़ी का बेंट पुजारी के गले पर लग गया। शोर शराबा सुनकर पंहुचे आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़कर कुल्हाड़ी सहित पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं पुलिस ने पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि जिस व्यक्ति ने पुजारी पर हमला किया था वह मानसिक विक्षिप्त है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# भागवत कथा में कथा व्यास ने सुनाई भागवत महापुराण की कथा

साण्डा (सीतापुर)। हनुमान मंदिर परिसर में भगवान बामन के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज तृतीय दिवस की बेला में भागवत महापुराण की कथा सुनाते हुए ब्यास आशुतोष त्रिपाठी ने बताया विधि का विधान भी कभी मिटाने की आवश्यकता पड़ जाती है तो विधाता की सृष्टि से अलग भगवान को आधा नर आधा पशु के रूप में पृथ्वी पर अवतरित होना पड़ा। क्योंकि हिरण्यकश्यप ने ब्रह्मा जी से ऐसे वरदान मांग चुका था कि विधाता की सृष्टि से उत्पन्न कोई प्राणी उसे मार नहीं सकता था। इसलिए भगवान को नरसिंह का स्वरूप धारण करना पड़ा। कथा को बढ़ाते हुए सूर्यवंश का वर्णन करते हुए इसी वंश में उत्पन्न राजा इक्ष्वाकु, राजा हरिश्चंद्र एवं तपस्वी राजा भगीरथ जैसे राजाओं के विषय में बतलाया और भगवान राम के अवतार की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। कथा परिसर में बैठे श्रोता ओमप्रकाश अवस्थी, मोनू मिश्रा, रवि सैनी, अजय गुप्ता, श्रवण सेठ, हर्षित मिश्रा, नत्था राम जायसवाल, आयुष मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ पर पितरों के श्राद्ध और तर्पण का महापर्व शुरू

हरदोई।गायत्री प्रज्ञा पीठ की पिहानी पर पितरों के श्राद्ध तर्पण का महापर्व की शुरुआत हो चुकी है । जिसमें .एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।10 सितंबर को भाद्रपद मास की अंतिम तिथि पूर्णिमा थी। इस दिन से 25 सितंबर तक रोज पितरों के लिए श्राद्ध, तर्पण आदि काम किए जाएंगे। 11 सितंबर से पितृ पक्ष शुरू हो रहा है। पूर्णिमा तिथि के श्राद्ध भादौ पूर्णिमा पर किए जा सकते हैं।

गायत्री प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने बताया कि सनातन धर्म में श्राद्ध पक्ष का बहुत अधिक महत्व है। पितृ पक्ष के 15 दिनों में पितरों की पूजा, तर्पण और पिंडदान करने से पितृ देव प्रसन्न होते हैं और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। पितृ पक्ष के दौरान पितरों की पूजा और उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण या पिंडदान करने की परंपरा निभाई जाती है।

प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने बताया कि हिंदू धर्म में पितृ पक्ष के दौरान पितर देवों को तर्पण, श्राद्ध और उनकी आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया जाता है। भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि और आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तक पितृ पक्ष रहता है। पितृ पक्ष के दौरान पितरों की पूजा और उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण या पिंडदान करने की परंपरा निभाई जाती है।

भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन माह की अमावस्या तक पितरों का तर्पण देने और उनकी की आत्मा की शांति के लिए पितृपक्ष रखे गए हैं। पितृपक्ष के दौरान लोग अपने पूर्वजों का श्राद्ध कर्म करते हैं। पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म करने पर पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है।

गायत्री प्रज्ञा पीठ के व्यवस्थापक देवेंद्र मिश्र ने बताया कि महाभारत के अनुशासन पर्व में भीष्म पितामह और युधिष्ठिर के संवाद बताए गए हैं। इन संवादों में भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को बताया था कि श्राद्ध कर्म की शुरुआत कैसे हुई? भीष्म पितामह ने बताया था कि प्राचीन समय में सबसे पहले महर्षि निमि को अत्रि मुनि ने श्राद्ध का ज्ञान दिया था। इसके बाद निमि ऋषि ने श्राद्ध किया और उनके बाद अन्य ऋषियों ने भी श्राद्ध कर्म शुरू कर दिए। इसके बाद श्राद्ध कर्म करने की परंपरा प्रचलित हो गई।

शुभ कार्य करने से पहले करनी चाहिए पूर्वजों की पूजा

गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी के ट्रस्टी मृदुल कपूर ने बताया कि शास्त्रों में कहा जाता है कि पृथ्वी पर जीवित व्यक्तियों को किसी भी शुभ कार्य या पूजा करने से पहले अपने पूर्वजों की पूजा जरूर करनी चाहिए। मान्यता है अगर पितृगण प्रसन्न रहते है तभी भगवान भी प्रसन्न होते हैं। शास्त्रों में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसका उसके परिवार के सदस्यों द्वारा श्राद्ध कर्म करना बहुत ही जरूरी होता है। अगर विधि–विधान से मृत्यु के बाद परिवार के सदस्यों का तर्पण या पिंडदान न किया जाये तो उसकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिलती है। पितृगण की पिंडदान न करने पर उसकी आत्मा मृत्यु लोक में भटकती रहती है।

पंडित संदीप शुक्ला ने बताया कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार हर महीने की अमावस्या तिथि पर पितरों की शांति के लिए श्राद्ध किया जा जाता है, लेकिन पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध करने और गया में पिंडदान करने का अलग ही महत्व होता है। पितरों की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए पितृपक्ष में उनका श्राद्ध करना चाहिए। अगर किसी परिजन की मृत्यु की सही तारीख पता नहीं है तो आश्विन अमावस्या के दिन उनका श्राद्ध किया जा सकता है। पिता की मृत्यु होने पर अष्टमी तिथि और माता की मृत्यु होने पर नवमी तिथि तय की गई है। जब किसी व्यक्ति की मृत्यु किसी दुर्घटना में हुई तो उसका श्राद्ध चतुर्दशी तिथि पर करना चाहिए।

पंडित नरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार, पुत्र ही माता पिता को पूं नामक नरक से मुक्ति दिलाता है इसलिए उसे पुत्र कहते हैं। माता पिता की मृत्यु के बाद पुत्र ही पिंड दान, तर्पण,श्राद्ध आदि करता है। जिसके कारण मृतक की आत्मा को मोक्ष प्राप्त होता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार, श्राद्ध पुत्र को ही करना चाहिए। एक से ज्यादा बेटे होने पर सबसे बड़ा पुत्र श्राद्ध करता है। अगर सबसे बड़े बेटे की मृत्यु हो गई हो तो छोटे बेटे को श्राद्ध करने का अधिकार है। यानी घर में जो भी बड़ा भाई हो उसे ही श्राद्ध करना चाहिए।

# ग्रामीण अंचल में लगा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

बिसवां नगर (सीतापुर)। विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालपुर के शिहाला गांव में सीतापुर आंख अस्पताल सीतापुर व साइट लाइफ शाखा बिसवां द्वारा एक निरूशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र परीक्षक डाक्टर गरिमा सिंह व कार्यक्रम अधिकारी सीतापुर अमृत अवस्थी एवं बृजेन्द्र कुमार तथा रेहान द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण कर अन्य जांचें की गयीं। नेत्र चिकित्सक डाक्टर गरिमा सिंह ने बताया कि गांव के लोग शहर में जाकर अपनी आंखों का इलाज कराने में असमर्थ होते हैं। ऐसे गरीब लोगों के आंखों की कभी कभी रोशनी भी चली जाती है। इसीलिये सीतापुर आंख अस्पताल द्वारा ऐसे गरीब लोगों के लिये ग्रामीण इलाकों में जगह जगह नेत्र शिवरों का आयोजन किया जाता है। जिससे हर गरीब को अपने घर के निकट ही आंखों का इलाज मिल सके। शिविर में कुल 82 लोगों के नेत्रों का निरूशुल्क परीक्षण किया गया तथा उन्हें उचित परामर्श, चश्मे और आवश्यक दवाएं भी वितरित की गयीं। इस मौके पर आशा बहू राधा नाग व समाजसेवी मुन्ना जादूगर तथा उनके टीम के लोगों ने कार्यक्रम में चिकित्सकों व मरीजों को काफी सहयोग प्रदान किया।

# निषाद पार्टी की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

## जिलाध्यक्ष मनोज कश्यप ने प्रेसवार्ता में किया पदाधिकारियों के नामों का ऐलान

हरदोई। निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) की एक बैठक आज नगर के एक होटल में आहुत की गयी, जिसमें निषाद पार्टी हरदोई के जिलाध्यक्ष मनोज कश्यप ने पार्टी पदाधिकारियों को नामित कर उनके नामों का ऐलान किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्योति प्रज्वल्लित कर किया गया। निषाद पार्टी नेता संजय कश्यप ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि निषाद पार्टी हर गरीब शोषित वंचित समाज की पार्टी है। निषाद पार्टी पूरे प्रदेश व देश में सभी वर्गों को एक कर छक। गठबंधन सरकार की पुनः 2024 में देश में सरकार बनाने के लिए कार्य कर रही है और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री डा० संजय निषाद लगातार हर वर्ग को साथ लेकर भारतीय जनता पार्टी को सहयोग कर रहे हैं। श्री कश्यप ने कहा कि बहुत जल्द ही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार प्रस्ताव भेजेगी। निषाद पार्टी नेता संजय कश्यप व जिलाध्यक्ष मनोज कश्यप ने सभी नवमनोनित पदाधिकारियों को बधाई दी और पार्टी की मजबूती के लिए काम करने के लिए कहा। जिलाध्यक्ष मनोज कश्यप ने कहा कि निषाद पार्टी को मजबूत करने के लिए जिले के बूथ स्तर तक का प्रत्येक पदाधिकारी निषाद पार्टी की नीतियों को लोगों को बताने व समझाने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर 2024 में नरेंद्र मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी अभी से एकजुट हो जायें और सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य करें। निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष मनोज कश्यप की ओर से घोषित जिला कार्यकारिणी में संतोष कश्यप, राजीव कश्यप, विशम्भर दयाल, शिवकुमार कश्यप, अशोक कश्यप, अभिषेक कुमार, रामनाथ कुशवाहा, अमरपाल कश्यप, बिपनेश राजपूत, पवन प्रजापति को जिला उपाध्यक्ष, प्रमोद कश्यप, नीरज कश्यप, हरीओम कश्यप को जिला महासचिव, रामकिशोर मस्ताना को जिला मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता, दीपक गौड़ को जिला प्रवक्ता, अश्वनी गुप्ता, मनोज कश्यप, अशोक कश्यप, अखिलेश कश्यप, सुधीर कुमार सिंह अर्कवशी, रामनरश कश्यप, हरेन्द्र कश्यप, देवेन्द्र कश्यप, आनन्द कश्यप, अंशुल कश्यप, योगेन्द्र कश्यप, गौरव सिंह, अनुज राजपूत, अनिल कश्यप, सोनू मिश्रा, प्रमोद कश्यप को जिला सचिव, विनीत कश्यप, कुलदीप श्रीवास्तव, पंकज कुमार वर्मा, विवेक कश्यप, गंगा सिंह कश्यप, रामनाथ कश्यप को जिला कमेटी सदस्य की जिम्मेदारी सौपी गयी। निषाद पार्टी के प्रकोष्ठ में जिलाध्यक्ष पद पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया जिसमें युवामोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर ओमशरण कश्यप, महिला मोर्चा पूनम वर्मा, अनुसूचित मोर्चा रामबाबू पासी, अधिवक्ता सभा रामकुमार कश्यप, प्रबुद्ध सभा जितेन्द्र तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा रफीक अहमद, राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद अध्यक्ष घनश्याम कश्यप, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डा विनोद कश्यप, पिछडा वर्ग मोर्चा का जिलाध्यक्ष धीरज कश्यप को बनाया गया। विधान सभा अध्यक्ष के रूप में प्रभू कश्यप मल्लावाँ, वेदराम कश्यप सवायजपुर, राजेश कश्यप बालामऊ, हरी ओम कश्यप साण्डी, धीरज कश्यप सदर विधान सभा, गौरव सिंह चौहान गोपामऊ, शिवकुमार कश्यप को सण्डीला विधान सभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी। इसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्षो में बालामऊ धर्मेन्द्र कश्यप, बेंहदर संतराम कश्यप, हरियावॉ ब्रजेश कश्यप, टोंडरपुर रामनिवास कश्यप, साण्डी रामबरन कश्यप, शाहाबाद रामप्रताप कश्यप, बावन रावेन्द्र कश्यप, कोथावॉ विजय कश्यप, बिलग्राम शिशुपाल राजपूत, हरपालपुर नहरू कश्यप, भरावन मेवालाल कश्यप, सण्डीली सुक्खीलाल कश्यप, माधौगंज से आकाश कश्यप, भरखनी से रामशंकर कश्यप, टड़ियावॉ से मदन कश्यप, मल्लावॉ से शान्ती स्वरूप, अहिरोरी से अंकित कश्यप, सुरसा से मोहित वर्मा, पिहानी से मोहित कश्यप को ब्लाक अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया। नगर अध्यक्ष पद पर हरदोई नगर से अनिल कश्यप, साण्डी नगर से पवन कश्यप, संण्डीला नगर से गोविन्द कश्यप, मल्लवॉ नगर से शिवशंकर गौड़ को नगर अध्यक्ष पद का दायित्व सौपा गया। सभी नगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष, विधान सभा अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठों के अध्यक्षो को निर्देषित किया गया कि जल्द से जल्द अपनी कमेटी जिलाध्यक्ष से अनुमोदन कराकर घोषित करें।

# समाज के लोग एकजुट हो खोए हुए स्वाभिमान को पुन:प्राप्त करें-सुनील अर्कवंशी

हरदोई। अर्कवंशी समाज के लोग एकजुट होकर अपने खोए हुए स्वाभिमान को पुनरू प्राप्त करें। समाज में शिक्षा और सामाजिक स्तर का विकास हो, इसके लिए सभी प्रयास करें। अखिल भारतीय अर्कवंशी क्षत्रिय महासंघ के तत्वावधान में विकास खण्ड मल्लावां क्षेत्र के भवन खेडा गांव में अर्कवंशी क्षत्रिय बंधुओं की बैठक हुई, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी सिंह अर्कवंशी ने कहा कि समाज में जागरूकता लाई जाए। लोग समाज के बच्चों को विकास के रास्ते में लाने को उनका शैक्षिक और सामाजिक स्तर का बढ़ाने का प्रयास करें। कहा कि सभी एकजुट होकर काम करें और देश की राजनीति में भागीदारी करें। सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील सिंह अर्कवंशी ने समाज के लोगों को एक मंच पर लाने पर जोर दिया। बैठक में अर्कवंशी समाज के सामाजिक, शैक्षिक आर्थिक रजनैतिक विकास पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि हमारा समाज आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद भी विकास के क्षेत्र में अत्यधिक पिछड़ा हुआ है। जिसको विकास के रास्ते में लाने को एक मंच पर जुटने की जरूरत है, तभी समाज को अपना स्वाभिमान वापस मिल सकेगा। सभा में भारी संख्या में अर्कवंशी बंधुओं ने राष्ट्र सेवा में समर्पित भाव से भाग लेने का संकल्प लिया। संघ के संरक्षक शिवभगवान रघुनायक, रामपाल सिंह, गुरूप्रसाद अर्कवंशी, रामभजन सिंह अर्कवंशी, राष्ट्रीय सलाहकार राम भजन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यदुनाथ सिंह अर्कवंशी, राष्ट्रीय महामंत्री ओमप्रकाश सिंह अर्कवंशी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सत्यपाल सिंह अर्कवंशी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मदन पाल सिंह अर्कवंशी अर्कवंशी राम दुलारे सिंह, डा. अवधेश अर्कवंशी, श्रीकांत अर्कवंशी, मास्टर देवी गुलाब अर्कवंशी, धर्म सिंह , जुराज सिंह, मोहित सिंह अर्कवंशी, रामोतार अर्कवंशी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पैंतीस बेड पर हो रहा 45 बीमार बच्चों का इलाज

देवरिया। मौसम में परिवर्तन से बच्चों की सेहत बिगड़ रही है। वायरल की चपेट में आने से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। बुखार, उल्टी, दस्त, पेट दर्द से पीड़ित बच्चे अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल में बेड कम पड़ जा रहे हैं। पीआईसीयू से लेकर चिल्ड्रेन वार्ड भर गए हैं। पैंतीस बेड पर 45 बच्चों का इलाज किया जा रहा है। बीमार बच्चों की भीड़ से व्यवस्था लड़खड़ा गई है। कुछ दवाओं की कमी हो गई है। तीमारदारों को बाहर से खरीदनी पड़ रही है। बारिश के बाद धूप और उमस से लोग बेहाल हैं। इस मौसम में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इसका सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ रहा है। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में शहर से लेकर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा बिहार प्रांत के सीमावर्ती इलाके के लोग इलाज कराने आते हैं। इन दिनों अस्पताल में बीमार बच्चों की भीड़ लग रही है। हर रोज बुखार, उल्टी, दस्त, सर्दी, खांसी, पेट दर्द सांस से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। तेज बुखार के कारण बच्चों को झटका भी आ रहा है। इस तरह के मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं। रात से वार्ड के बेड भरे हैं। अधिक मरीज होने से बेड कम पड़ गए हैं। यही हाल रहा। कुछ आराम होने पर चिकित्सकों के छुट्टी करने के बाद ही बेड भर गए। पंद्रह बेड के पीआईसीयू में उन्नीस बच्चे भर्ती थे। इसमें एक बेड पर तीन तथा दो पर दो–दो बच्चों का इलाज चल रहा था। वहीं, बीस बेड के चिल्ड्रेन वार्ड में 26 बच्चे भर्ती थे। यहां भी कुछ बेड पर दो–दो बच्चों का मजबूरी में इलाज किया गया, जिससे तीमारदारों तथा मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में परिवर्तन से वायरस, बैक्टीरिया, फंगस नमी के कारण तेजी से बढ़ते हैं। इससे संक्रमण बढ़ जाता है। कमजोर इम्युनिटी के लोग चपेट में आने से बीमार हो जाते हैं। दूषित भोज्य पदार्थ, पानी, सर्द गर्म का असर बच्चों पर पड़ रहा है। इस समय मच्छरों का प्रकोप भी होता है। इस मौसम में सभी को सावधान रहना चाहिए।

कुछ दवाओं की है कमीः अस्पताल में बीमार बच्चों के अधिक संख्या में पहुंचने से व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। कुछ दवा की कमी हो गई है। पेट दर्द, एलर्जी का इंजेक्शन, तेजी बुखार, उल्टी, सीट्रिजीन सीरप सहित कुछ अन्य दवाएं मरीजों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इन्हें तीमारदारों को बाहर से खरीदना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

तीमारदारों के लिए नहीं है व्यवस्थाः अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड के बाहर तीमारदारों के बैठने के लिए समुचित इंतजाम नहीं किए गए हैं। एक मरीज के साथ कई लोग आ रहे हैं। उनके बैठकर आराम करने के लिए कुर्सी की व्यवस्था नहीं है। हाल में फर्श पर बैठकर लोग समय बीताते हैं और वहीं मरीज का हाल जानने के लिए पहुंच रहे शुभचिंतक से बात करते हैं। जबकि पीआईसीयू के बाहर बेंच तथा बरामदे में कुर्सी लगी है, लेकिन इस समय दिन में वह भी कम पड़ जा रही है।

ये सावधानी बरतेंः ताजा भोजन, शुद्ध पानी का सेवन करें साफ–सफाई पर ध्यान दें मौसमी फल का सेवन करें अच्छी तरह हाथ धोकर खाना खिलाएं सड़क किनारे खुले में बिकने वाले कटे फल तथा बिकने वाले खाद्य पदार्थ का सेवन न करें बाहर के सामान को खाने के लिए न दें

# एमआरएफ सेंटर तैयार, शहर के कूड़े से बनेगी खाद

देवरिया। शहर के कूड़े से खाद बनाकर नगर पालिका सस्ते दर पर किसानों को मुहैया कराएगी। इसके लिए शहर की भुजौली कॉलोनी में एमआएफ सेंटर बन कर तैयार हो गया है, जो अगले माह से काम करना शुरू कर देगा। इसके बन जाने से कूड़ा निस्तारण की समस्या का भी निदान हो जाएगा। नगर पालिका की ओर से एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर बनाया गया है। यहां पर सूखे एवं गीले कूड़े को अलग–अलग किया जाएगा। मशीन से गीला व सूखे कचरे से कंपोस्ट खाद के लिए वहां बने गड्ढे में डाल दिया जाएगा। जबकि प्लास्टिक, लोहा, पीतल व अन्य सामग्री को कबाड़ी को बेच दिया जाएगा। इससे नगर पालिका की आय बढ़ेगी। अनुमानतरू इन दिनों शहर से हर दिन 70 टन कचरा निकल रहा है। जिसे नगर पालिका की तरफ से बने भुजौली कॉलोनी के मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सिस्टम के जरिए अक्तूबर से खाद बनाई जाएगी। इस पर करीब करीब साठ लाख रुपये खर्च किया गया है। इसके जरिए कूड़ा का निस्तारण किया जाएगा। इसके होने से शहरवासियों को भी काफी सहूलियत मिलेगी। कूड़े का सही उपयोग हो जाएगा।

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव.

नौतनवां। स्थानीय कस्बे के सरोजनीनगर वार्ड स्थित एक घर में शाम करीब चार बजे 23 वर्षीय नवविवाहिता का शव उसके कमरे में पंखे की कुंडी के सहारे लटका मिला। जानकारी के मुताबिक, चौक थाना क्षेत्र के ग्राम परासखाड़ की निवासी सुधा (23) की एक वर्ष पूर्व ही सोनौली थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर वार्ड निवासी दुर्गेश के साथ शादी हुई थी। किन्हीं कारणों से वह पति से अलग होकर नौतनवां कस्बे के सरोजनी नगर वार्ड स्थित बहन पूजा राजभर के यहां रह रही थी। परिजनों ने बताया कि सुधा दोपहर अपने कमरे में थी। शाम तक जब दरवाजा नहीं खुला तो बहन पूजा ने आवाज लगाई। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर बहन ने कमरे में देखा तो सुधा का शव पंखे की कुंडी के सहारे फंदे से लटक रहा था। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सोनौली सीमा पर रोकीं चावल लदी 22 गाड़ियां

सोनौली (महराजगंज)। नेपाल जाने के लिए सोनौली सीमा पर पहुंचीं चावल लदी 22 गाड़ियां को रोक दिया गया। दरअसल, भारत ने धान और चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी है। खुद्दी चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी वजह से गाड़ियों को रोका गया है। कस्टम अधीक्षक सोनौली शैलेंद्र कुमार पटेल ने बताया नौ सितंबर से नया नियम लागू हो गया है। ब्वायलर और बासमती चावल को छोड़कर अन्य पर 20 प्रतिशत कस्टम ड्यूटी बढ़ गई है। खुद्दी चावल के निर्यात पर प्रतिबंध है। इसी वजह से चावल लदी गाड़ियां रोकी गई हैं। नेपाल भंसार एजेंट संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांत कुमार शर्मा ने बताया कि भारत के टैक्स बढ़ाने के फैसले से नेपाल में चावल के दाम बढ़ेंगे। टूटे हुए चावल के निर्यात पर रोक से शराब उद्योग और अनाज उत्पादन पर असर पड़ेगा। भारत ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में 21.2 मिलियन टन चावल का निर्यात किया, जिसमें से 3.94 मिलियन टन बासमती था। इसी अवधि में 6 अरब 110 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के गैर–बासमती चावल के निर्यात का आधिकारिक आंकड़ा है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2020–21 में नेपाल ने कई देशों से 47.57 अरब 36 लाख रुपये का धान, चावल और मक्के का आयात किया है।

# महिला ने पुलिसकर्मियों का कालर पकड़ा

महराजगंज। घुघली थाना क्षेत्र के गोपाला गांव में .पति–पत्नी के बीच का विवाद सुलझाने गई पुलिस को ग्रामीणों के आक्रोश का शिकार होना पड़ा। आक्रोशित महिलाओं ने पुलिसकर्मियों का कालर पकड़ लिया। लोगों को संभालने में पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, गोपाला गांव में शबाना अपने पति समीम के घर पहुंची। दोनों के बीच अनबन चल रही है। आरोप है कि शबाना को घर से निकाल दिया गया था, जिससे वह अपने मायके बांसपार ढेकही में रहने लगी थी। घुघली थाने में दहेज उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी थी। पति–पत्नी के बीच विवाद का मामला न्यायालय में भी लंबित होना बताया जा रहा है। शबाना अपने सुसराल पहुंची तो कुछ देर माहौल शांत रहा, लेकिन बातचीत आगे बढ़ी तो नोकझोंक व मारपीट शुरू हो गई। इसमें शबाना (30) घायल हो गई। गांव के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पहले दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तो उनसे आक्रोशित महिलाएं बदसलूकी करने लगीं। कुछ महिलाओं ने पुलिसकर्मी का कालर तक पकड़ लिया। पुलिस किसी तरह से अपने आपको बचाते हुए दूर हटी। थोड़ी देर में सीओ सदर अजय सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाया और भीड़ को हटाने के बाद मामले को शांत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में महिला के पति समीम की तहरीर पर आरोपी बहू शबाना एवं अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। महिला का मामला न्यायालय में लंबित है, वह जबरन घर में प्रवेश करने की कोशिश करते हुए अशांति का माहौल बना रही थी।

# सीमावर्ती गांव में गोदाम पर छापा, 80 बोरी गेहूं बरामद

सोनौली (महराजगंज)। नौतनवां के एसडीएम ने सुबह सोनौली कोतवाली क्षेत्र के सीमावर्ती गांव शेष फरेंदा में एक गोदाम में छापा मारकर 80 बोरी गेहूं बरामद किया है। गोदाम को सील कर दिया गया है। एसडीएम ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। मुखबिर की सूचना पर एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र ने सोनौली कोतवाली क्षेत्र के सीमावर्ती गांव शेष फरेंदा में एक गोदाम पर छापा मारा। गोदाम में सरकारी बोरे में रखा गेहूं बरामद हुआ। जांच में पता चला कि गोदाम एक कोटेदार का है। मौके से एक डायरी भी मिली, जिसमें कई एजेंसियों का नाम लिखा हुआ है। इसमें कुछ मीडियाकर्मियों के नाम भी हैं। एसडीएम ने बताया कि गोदाम को सील कर दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए सप्लाई इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया है। एक कोटेदार का नाम सामने आ रहा है। डायरी के संबंध में भी जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आशंका है कि गेहूं तस्करी के माध्यम से नेपाल जाना था। निर्यात पर भारत की रोक के बाद सीमा से गेहूं, चीनी और चावल की तस्करी तेज हो गई है।

# नेपाल में भैरहवां समेत तीन एयरपोर्ट पर ईंधन की आपूर्ति बंद

महराजगंज। भारत–नेपाल सीमा पर सोनौली से सटे भैरहवां के गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे समेत नेपाल के तीन हवाई अड्डों पर ईंधन की आपूर्ति ठप हो गई है। ट्रांसपोर्टरों ने किराए में बढ़ोतरी की मांग को लेकर तीनों हवाई अड्डों पर सात दिनों के लिए आपूर्ति रोक दी है।

इस निर्णय से भैरहवां समेत ध ानगढ़ी और नेपालगंज हवाई अड्डों पर ईंधन की आपूर्ति ठप हो गई है। नेपाल आयल निगम के साथ अनुबंध ा और नेपाल सरकार की ओर से आवश्यक सेवा घोषित होने के आदेश के तहत ईंधन की आपूर्ति नहीं रोकी जा सकती। हालांकि, ईंधन की आपूर्ति बंद करने वाले टैंकर व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय, निगम ने हवाई सेवा प्रदाता को नोटिस जारी किया है।

निगम के धनगढ़ी और नेपालगंज डिपो ने सभी विमानन ईंधन सेवा प्रदाताओं को काठमांडो से उड़ान भरने के लिए लिखा है और कहा है कि आपात स्थिति के अलावा ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। घरेलू हवाई उड़ान कंपनियों ने कहा है कि वे निगम के इस व्यवहार से प्रभावित हुए हैं।

निगम के धनगढ़ी डिपो के अनुसार, उनके पास ईंधन खत्म हो गया है और कोई और ईंधन उपलब्ध ा नहीं है, इसलिए उन्हें एयरलाइन सेवा प्रदाता को ऐसा नोटिस जारी करना पड़ा। उधर, नेपालगंज डिपो ने भी हवाई सेवा प्रदाताओं को काठमांडो में ईंधन भरने के लिए नोटिस जारी किया है।

निगम के लुंबिनी क्षेत्रीय डिपो के प्रमुख नवविनोद पोखरेल ने कहा कि रोजाना 15,000 से 20,000 लीटर विमानन ईंधन की खपत करने वाले हवाई अड्डे ने अब अपनी आपूर्ति बंद कर दी है। 1,85,000 लीटर ईंधन उपलब्ध है, जो एक सप्ताह तक चलेगा। डिपो, जो आमतौर पर रोजाना 10,000 लीटर ईंधन बेचता है, अब ईंधन नहीं बेच पा रहा है। हड़ताल एक हफ्ते से चल रही है, हमारे पास बहुत कम ईंधन है, हम इसे केवल आपात स्थिति में ही दे सकते हैं। नेपालगंज से एक टैंकर में ईंधन लाने की कोशिश को भी कारोबारियों ने रोक दिया है।

–गणेश जोशी, धनगढ़ी डिपो प्रमुख

यात्रियों पर अधिक वित्तीय बोझ पड़ेगाः बुद्धा एयर के सूचना अधि ाकारी दीपेंद्र कर्ण ने बताया कि तेल निगम ने काठमांडो से धनगढ़ी और नेपालगंज तक की विमानन कंपनियों को पत्र लिखकर कहा था कि ट्रांसपोर्टरों ने हवाई ईंधन की आपूर्ति रोक दी है। निगम के धनगढ़ी और नेपालगंज विमानन ईंधन डिपो ने एयरलाइन कंपनियों को पत्र लिखकर कहा है कि वे काठमांडो से ईंधन ले जाने के लिए व्यवस्था नहीं करा सकते हैं। इससे एयरलाइंस और यात्रियों पर अधिक वित्तीय बोझ पड़ेगा। अतिरिक्त ईंधन ले जाने से काठमांडो से उड़ानों में यात्रियों और कार्गो की संख्या कम हो जाएगी।

# योगीराज में हीमोफीलिया मरीज त्राहि त्राहि, जिम्मेदार मौन

गोरखपुर। हिमोफिलिया लाईलाज बिमारी जन्म से ही होता है और बढते बढते इनविटर पाजिटिव हो गया है और अब इस हिमोफिलिया मरीज को फैक्टर 7 ही काम करता है लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फैक्टर उपलब्ध करवाने के हचहप लखनऊ के नोडल आफिसर कि लापरवाही के वजह से पूरे उत्तर प्रदेश मे फैक्टर 7,8,9 कि पिछले 3,4 महीनों बहुत कमी हो रही अभी ये हालात हो गये है कि पुरे उत्तर प्रदेश मे किसी भी अस्पताल मे फैक्टर नही है। ये मरीज फैक्टर और ईलाज करवाने के लिए गोरखपुर, नोयडा, लखनऊ ईलाज करवाने के लिए गया पर फैक्टर कही नही मिला इस मरीज की हालत बहुत खराब है उत्तर प्रदेश मे ऐसे हजारों मरीज इस बिमारी से ग्रसित है पर शासन द्वारा प्रयाप्त मात्रा मे जून महीने से धन दिए जाने के बावजूद भी एसजीपीजीआई लखनऊ के नोडल आफिसर हीमोफिलिया फैक्टर 7, 8 एवं 9 को खरीदने मे देरी के कारण ऐसे सैकड़ों बच्चे ईलाज के अभाव मे दिव्यांग हो रहे है।





बीमारी से ग्रसित शैलेश कुमार गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि फैक्टर पुरे उत्तर प्रदेश मे नही होने के कारण इस मरीज का पैर खराब होने कि स्थित पर आ चुका है अगर फैक्टर के अभाव मे इस मरीज को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। शैलेश गुप्ता का कहना है कि शासन प्रसाशन से निवेदन कर रहा हूँ कि जल्द से जल्द फैक्टर उपलब्ध करवाने कि कृपा करें।

# ज्ञानवापी के मुकदमें में फैसले के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट

## कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को मजिस्ट्रेट तैनात

बस्ती। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर ज्ञानवापी के मुकदमें में जनपद न्यायालय वाराणसी के फैसले के मद्देनजर जिले के सभी थानाक्षेत्र में मजिस्ट्रेट तैनात किए गये है। उक्त जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट अभय कुमार मिश्र ने दी है। उन्होने बताया कि ये सभी मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए 13 सितम्बर तक अपने–अपने तैनाती स्थलों पर उपस्थित होकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाने में सहयोग करेंगे। उन्होने बताया कि थाना कोतवाली, पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज, लालगंज के लिए एसडीएम सदर शैलेष दूबे के साथ तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार को तैनात किया गया है।

थाना कलवारी, कप्तानगंज, नगर एवं दुबौलिया के लिए एसडीएम न्यायिक गुलाब चन्द्र के साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा बीडीओ को,थाना रूधौली तथा मुण्डेरवा के लिए एसडीएम आनन्द श्रीनेत के साथ तहसीलदार एवं बीडीओ को,थाना सोनहा के लिए एसडीएम भानपुर गिरीश झा तथा तहसीलदार को,थाना हर्रैया, छावनी, परसरामपुर, के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अमृत पाल कौर के साथ तहसीलदार एवं बीडीओ को लगाया गया है। थाना पैकोलिया एवं गौर के लिए एसडीएम न्यायिक अतुल आनन्द के साथ सहायक चकबन्दी अधिकारी तथा बीडीओ कानून एवं व्यवस्था के लिए जिम्मेदार होंगे है।

# कार में मिली 72 लाख 80 हजार रुपए नेपाली करेंसी, कस्टम कर रही जांच

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। भारत–नेपाल सीमा पर सोनौली पुलिस और





एसएसबी की टीम ने भारत से नेपाल जा रहे एक नेपाली कार से 72 लाख 80 हजार रुपये नेपाली करेंसी बरामद की है। इस करेंसी की कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 45 लाख रुपये है। कार में करेंसी के साथ पकड़ा गया शख्स नेपाल का रहने वाला है। उससे पुलिस, कस्टम और अन्य एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं।

# सशस्त्र सीमा बल के हाथ लगी नेपाली मुद्राओं से भरी एक कार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। भारत–नेपाल के सोनौली बॉर्डर पर एसएसबी भारत से नेपाल जा रहे एक नेपाली नंबर के संदिग्ध वाहन से लगभग 45 लाख रुपए भारतीय मुद्रा के बराबर नेपाली मुद्रा 72 लाख 80 हजार रुपए बरामद करने का दावा किया है। इस सिलसिले में जांच एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं कि यह मुद्रा किस लिए भारत से नेपाल जा रहा था। सूत्रो से मिले खबरों के मुताबिक सुबह एसएसबी प्रतिदिन की तरह सोनौली बॉर्डर पर भारत द्वार के नीचे भारत से नेपाल आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे, इसी बीच एक नेपाली नंबर का कार सरहद पर पहुंचा और एसएसबी के जवानों ने उक्त वाहन की गहन जांच किया ते वाहन में छिपा कर रखा गया 72 लाख 80 हजार रुपए नेपाली मुद्रा बरामद हुए। सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया और पैसे के सिलसिले में प्रारंभिक जांच पड़ताल शुरू कर दी। मामला पूरी तरह संदिग्ध लगने पर बरामद रुपए और युवक को वाहन सहित पुलिस के हवाले कर दिया। इस बरामदगी के बाद से सुरक्षा एजेंसियां सहित सीमा शुल्क विभाग, इनकम टैक्स से जुडे अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं। पकड़ा गया युवक ने अपना नाम सुभाष सोनार पुत्र ओम प्रकाश सोनार निवासी वार्ड नंबर 7 दया पथ भैरहवां रूपंदेही नेपाल बताया है।



# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से अन्देउरी में स्वास्थ्य उप केन्द निर्माण कराने की मांग

बस्ती ।अखिल भारतीय पंचायत संगठन जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मिलकर रूध ौली विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अन्देउरा के अन्देउरी गांव में स्वास्थ्य उप केन्द्र (ए0एन0एम0) सेन्टर बनाये जाने की मांग किया। महेन्द्र सिंह ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक को बताया कि रूधौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक द्वारा 30 मई 2022 को ग्राम पंचायत अन्देउरा के अन्देउरी गांव में स्वास्थ्य उप केन्द्र (ए0एन0एम0) सेन्टर बनाये जाने हेतु उप जिलाधिकारी से भूमि आवंटित किये जाने का अनुरोध पत्र जारी किया था। ग्राम पंचायत अन्देउरा के भूमि प्रबंधक समिति द्वारा 3 जून 22 को प्रस्ताव कर गाटा संख्या 70 अन्देउरी गांव में भूमि आवंटित कर दिया है। महेन्द्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने इस दिशा में भेंट के दौरान सकारात्मक आश्वासन दिया है। इसी कड़ी में महेन्द्र सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री से ग्राम पंचायत अन्देउरा के 2500 से अधिक आबादी वाले क्षेत्र में 1 और आशा बहू नियुक्त किये जाने का आग्रह किया जिससे गांव में लोगों को पर्याप्त सुविधा मिल सके।

# सेवा कार्यों के माध्यम से पार्टी जनसरोकार के कार्यों से जुडेघ्गी अशोक चौरसिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होगा भाजपा का सेवा पखवाड़ा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयन्ती तक, 16 दिन तक बूथ स्तर पर होंगी गतिविधियां–भाजपा ने निकाय चुनाव की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिया है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरु होने वाले सेवा पखवाड़ा के माध्यम से बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने जा रही है। पार्टी द्वारा आगामी महीनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने हेतु एक अहम बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय सोनभद्र पर सम्पन्न हुई। बैठक मे बतौर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्रीधजिला प्रभारी सोनभद्र अशोक चौरसिया मौजूद रहे बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्यअतिथि अशोक चौरसिया व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि क्षेत्रीय महामंत्रीध जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने बताया कि पीएम मोदी का जन्मदिन पार्टी ने इस बार अलग तरीके से मनाने का निर्णय लिया है। इस विशेष अवसर पर जनता को सेवा कार्यों की प्रेरणा मिले, इसलिए पीएम मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम बूथ स्तर तक तो होंगे ही, इसके



साथ ही सेवा कार्यों की प्रतिस्पर्धा भी होगी। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन जनसेवा के लिए समर्पित है, इसलिए उनका जन्मदिन पर लोगों को सेवा के लिए प्रेरित किया जाएगा। आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व मे देश नये किर्तिमान स्थापित कर रहा है उनके नेतृत्व मे जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, देश के लोग जिन चीजो को मात्र सपने मे सोचते थे उन चीजो को मोदी ने चरितार्थ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से पार्टी जनसरोकार के कार्यों से जुडेघ्गी। सेवा पखवाड़ा के दौरान लगभग एक दर्जन से अधिक गतिविधियां होंगी। इसमें रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता अभियान– अमृत सरोवर, पौधारोपण, जल ही जीवन आदि को लेकर जिलों की प्रतिस्पर्धा होगी। राष्ट्रीय स्तर पर भी जिलों को चिन्हित कर पुरस्कृत किया जाएगा। सेवा पखवाडेध के तहत बूथ स्तर तक सेवा व अन्य विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए जिला पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में भाजपा ने आगामी कार्यक्रम तय किये दिनांक– 17 सितम्बर रक्तदान शिविर युवा मोर्चा द्वारा,18 सितम्बर निःशुल्क स्वास्थ्य मेला, 19 सितम्बर मोदी व्यक्तित्व प्रदर्शनी, 20 सितम्बर स्वच्छता अभियान–सामान्य, 21 सितंबर स्वच्छता अभियान–अमृत सरोवर, 22 सितंबर जल ही जीवन जागरूकता कार्यक्रम, 23 सितंबर वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी, 24 सितम्बर कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण कैंप, 25 सितंबर पंडित दीनदयाल जयंती व मन की बात कार्यक्रम, 26 सितंबर विविधता में एकता कार्यक्रम, 27 सितंबर प्रधानमंत्री को योजना लाभार्थी द्वारा शुभकामना व अभिनंदन पत्र भेजवाना, 28 सितंबर प्रबुद्धजनध बुद्धिजीवी सम्मेलन, 29 सितंबर कोविद टीकारकण केंद्रों पर स्टाल, 30 सितंबर टीवी मुक्त राष्ट्र कार्यक्रम, 1 अक्टूबर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, 2 अक्टूबर खादी की खरीद एवं जागरूकता अभियान करेगी। बैठक मे मुख्यरुप से दुद्धी विधायक रामदुलारे गोंड़, ओबरा नगर पंचायत चेयरमैन प्राणमती देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, ओमप्रकाश दूबे, अनिल सिंह गौतम, शिवकुमार गुप्ता, रंजना सिंह, रामसुन्दर निषाद, जीत सिंह, कृष्णमुरारी गुप्ता, शंम्भू नारायण सिंह, संतोष शुक्ला, विनोद पटेल, कैलास बैसवार, कन्हैया लाल, दिलिप पाण्डेय, गुडिया वर्मा, राकेश मेहता, अनूप तिवारी, मण्डल प्रभारी गोविन्द यादव, दयाशंकर पाण्डेय, कमलेश चौबे, आलोक सिंह, सुनिल सिंह, मोर्चो के जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र द्विवेदी, महेन्द्र पटेल, पुष्पा सिंह, विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, गुडिया तिवारी, रुबी गुप्ता, अनिल सिंह, नार सिंह पटेल सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन स्वावलंबी भारत अभियान के तहत म्योरपुर में बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

म्योरपुर/सोनभद्र। स्वावलंबी भारत अभियान के तहत म्योरपुर ग्राम पंचायत सचिवालय में सोमवार को ग्राम प्रधान संगीता जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व



विधायक रूबी प्रसाद व भाजपा के जिला समन्वयक तीरथ राज सिंह रहे। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रूबी प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान, देश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने हेतु ठोस कदम उठाने के लिए एक महत्वपूर्ण सामूहिक पहल है, जिसे आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आठ संगठनों द्वारा प्रारम्भ किया गया है। भाजपा के जिला समन्वयक तीरथराज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने हेतु उनके कौशल विकास की दिशा में सक्रिय कदम उठाने प्रारंभ कर दिये थे उसी का परिणाम है कि सरकार की कौशल विकास योजनाओं का लाभ लेकर अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए युवा वर्ग में ललक बढ रही है। विश्व युवा कौशल विकास दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कौशल को अनमोल खजाना निरूपित करते हुए प्रधानमंत्री ने इसे राष्ट्रीय आवश्यकता के रूप में परिभाषित किया था जिसमें आत्मनिर्भर भारत का मजबूत आधार बनने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कौशल को ऐसा उपहार बताया जो हम खुद को दे सकते हैं। कौशल अर्जित करके न केवल रोजगार प्राप्त किया जा सकता है बल्कि यह स्वयं को जीवंत और ऊर्जावान महसूस करने का माध्यम भी है, इस दौरान म्योरपुर ब्लॉक समन्वयक प्रेमचंद्र अग्रहरी, सह समन्वयक महेंद्र गुप्ता,भागीरथी बैसवार, प्रधान प्रतिनिधि गणेश कुमार जायसवाल, प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया अनुसूचित जाति मोर्चा उत्तर प्रदेश अमित रावत, मंडल महामंत्री विष्णु कांत दुबे, श्याम नारायण सिंह, सत्येंद्र सिंह, ईश्वरी, भागीरथी, एवं भारी संख्या में किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।

## ब्लाक स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिले के रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक



में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी उमेश सिंह, एडीओ पंचायत कृपाशंकर शुक्ला व प्रधान संघ के अध्यक्ष, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। एक्शनएड यूनिसेफ द्वारा संचालित नई पहल परियोजना, चाइल्ड प्रोटेक्शन से जिला समन्वयक निशा कुरैशी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी का अभिनंदन करते हुए इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया बच्चों की सुरक्षा व शिक्षा को लेकर चर्चा की गई। कहा बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों ही बहुत महत्वपूर्ण है अगर बच्चा स्कूल में नामांकित है व स्कूल नियमित रूप से जाता है तो बच्चा विकास की तरफ बढ़ता है बालश्रम करने से बच सकता है। बाल विवाह से बचाया जा सकता है बच्चों के चार अधिकारों के बारे मे बताया गया। जीवन जीने का अधिकार शिक्षा का अधिकार विकास का अधिकार सौभाग्यता का अधिकार को लेकर विकृत रूप से जानकारी दी गई। ड्रॉपआउट आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने व सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने में नई पहल और चाइल्ड प्रोटेक्शन की टीम कार्य कर रही है ऐसे बच्चे जो एकल महिला के द्वारा पालन किए जा रहे हैं ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता नहीं है या ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं ऐसे बच्चे जो बाल श्रमिक हैं या शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे इन बच्चों को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़कर इन बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में ग्राम प्रधान प्रधानाध्यापक व विद्यालय प्रबंध समिति की मुख्य भूमिका है। इन बच्चों की सूची तैयार कर ग्राम प्रधान को दी जाएगी साथ ही साथ ग्राम प्रधान इन बच्चों को योजनाओं से जुड़ेंगे। खंड विकास अधिकारी उमेश सर द्वारा बताया गया कि आप सब के सहयोग से हर बच्चे को विद्यालय में शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाए ताकि गांव या शहर का कोई भी बच्चा ऐसा ना हो जो खेत में या ढाबों पर या किसी भी अन्य फैक्ट्रियों खदानों में काम करता हुआ पाया जाए। हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने में हम सब मिलकर के प्रयास करेंगे तो सब बच्चे स्कूल में होंगे इसलिए आप सब के सहयोग से इन सभी बच्चे को शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाए ताकि उनके माता–पिता अपने बच्चों का नामांकन कराएं। वह उन बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें बाल विवाह, बाल श्रम से इन बच्चों को मुक्त कराएं। चाइल्ड प्रोटेक्शन से कमलेश कुमार के द्वारा बता बताया गया की चाइल्ड प्रोटेक्शन द्वारा किशोरियों के समूह का गठन किया जा रहा है जिसमें बच्चियों को बाल विवाह बाल श्रम व शिक्षा के अधिकार के बारे में बताया जा रहा है ताकि बच्चियां सशक्त बने व शिक्षा से जुड़े। एडीओ पंचायत कृपाशंकर शुक्ला द्वारा ग्राम प्रधानों को गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए बताया गया कि हर अभिभावक जिस दिन शिक्षा के प्रति जागरूक हो जाएगा वह अपने बच्चों को विद्यालय नियमित रूप से भेजने लगेगा इसलिए आप सभी ग्राम प्रधान से अनुरोध है कि वह अपने ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से अभिभावकों को समझाएं कि वह अपने बच्चे को नियमित रूप से विद्यालय भेजें ताकि वह बच्चा शिक्षा से जुड़ा रहे। नई पहल से सहायक जिला समन्वयक मोहसिन खान द्वारा बताया गया कि सामाजिक सुरक्षा योजना मे बाल श्रमिक व मौसमी पलायन करने वाले बच्चों को चिन्हित करके अगर आप सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ते हैं तो उन बच्चों की उपस्थिति विद्यालय मे बढ़ेगी व बच्चों का ठहराव भी होगा। इस कार्यशाला में सुरेश चंद्र, मनोज कुमार, यादव प्रवीण कुमार, अर्चना, त्रिपाठी विनोद कुमार, मनोज कुमार दुबे, अवधेश कुमार, अमरजीत दुबे, राजेश कुमार, श्यामनरायण व नया सवेरा से नौशाद आदि उपस्थित रहे।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षकों का धरना 20 को

### पुरानी पेंशन बहाली के लिये तेज होगा संघर्ष– उदयशंकर शुक्ल

बस्ती। शिक्षक और राज्य कर्मचारी एकजुट न हुये तो पुरानी पेंशन को उत्तर प्रदेश में बहाल करा पाना मुश्किल हो जायेगा, इसके लिये अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर संघर्ष की धार तेज करनी होगी। यह विचार उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने सोमवार को व्यक्त किया। वे प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये संघ जिला अध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने बताया कि संघ की ओर से बस्ती जनपद में निरन्तर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि इन दिनों संघ के ब्लाक इकाई का अधिवेशन और पदाधिकारियों का चुनाव चल रहा है। अधिवेशन के दौरान अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ और राज्य स्थानीय 11 मुद्दों को लेकर शिक्षकों, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, रसोईयों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि आगामी 20 सितम्बर को राष्ट्र व्यापी धरने की कड़ी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया है। इसमें जनपद के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, रसोईयां आदि हिस्सा लेंगे। बताया कि संगठन की मजबूती के लिये अभी तक 6 विकास खण्डों में संघ का अधिवेशन कर चुनाव सम्पन्न कराया जा चुका है। 13 सितम्बर को साऊंघाट, 14 को नगर क्षेत्र, 16 सल्टौआ और 19 को बस्ती सदर में अधिवेशन और चुनाव होंगे। यह क्रम घोषित कार्यक्रम के अनुसार 26 सितम्बर तक चलेगा। बताया कि ब्लाकों के अधिवेशन के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष, मंत्रियों से जनपदीय डेलीगेट सूची लेकर जनपदीय अधिवेशन कराया जायेगा। प्रेस वार्ता में संघ के जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अखिलेश मिश्र, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, रामपाल चौधरी, रक्षाराम वर्मा, विनय कुमार, सचिन पाण्डेय, शिवम शुक्ला, महेश कुमार, त्रिलोकीनाथ, सूर्य प्रकाश शुक्ला आदि शामिल रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

## नीट की परीक्षा में लहराया परचम



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर का पूर्व छात्र ध्रुव कुमार ने नीट (मेडिकल) की परीक्षा में 625,ध720, अंक प्राप्त कर सफलता हासिल करते हुए इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। ज्ञातव्य हो कि ध्रुव कुमार बीजपुर शांतिनगर का मूल निवासी है। इसके पिता रविशंकर गुप्ता एक व्यवसायी हैं। शांतिनगर का मूल निवासी होने के कारण पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने ध्रुव कुमार को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर धरती पर भगवान के प्रतिरूप होते हैं। मानवता की सेवा उनका धर्म होता है। मुझे विश्वास है कि ध्रुव एक बेहतरीन डॉक्टर बनकर मानवता की सेवा में हमेशा अव्वल रहेगा। उन्होंने कहा कि डीएवी के द्वारा दिया गया संस्कार युक्त शिक्षा मानवता की सेवा करने के लिए हमेशा प्रेरित करता रहेगा। विद्यालय के शिक्षक डॉ आर के झा, डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव, विजय तिवारी, डॉ डी लाल, अनन्त मोहन आदि ने भी ध्रुव कुमार को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## ऐलाही मिनी सचिवालय में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। विकास खंड करमा अंतर्गत ग्राम पंचायत ऐलाही में सोमवार को ग्राम प्रधान अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में ग्राम समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण फरियादियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बताते चलें कि जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की पहल पर जनपद में शुरू हुई, ग्राम समाधान दिवस का आयोजन प्रशासन की तरफ से जारी रोस्टर के अनुसार आज ऐलाही में किया गया। यहां पेंशनयकिसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री आवासय मुख्य मंत्री आवास, शौचालयय राशन कार्डय भूमिआदि



समस्याओं की शिकायत मिली। उपस्थित अधिकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अखिलेश यादव, क्षेत्रीय लेखपाल अनिता गुप्ता ने समस्याओं के निस्तारण की कार्रवाई की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती कम्प्यूटर ऑपरेटर, सफाई कर्मचारियों सहित सुदामा यादव, दिनेश कुमार, बचाऊ सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# कुछ ही मिनटों में बनाएं पत्तेदार धनिये के ये व्यंजन, आसान हैं रेसिपी



पत्तेदार धनिया एक प्रकार का हर्ब है, जिसकी खूशबू और सेवन कई तरह के स्वास्थ्य संबंधित लाभ देने में सक्षम हैं। यही वजह है कि कई व्यंजनों को बनाते समय पत्तेदार धनिये का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अतिरिक्त, त्वचा के देखभाल के लिए भी इसका इस्तेमाल होता है। अगर आपको पत्तेदार धनिया पसंद है तो आइए आज हम आपको इससे बनाए जाने वाले पांच व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप घर पर मिनटों में तैयार कर सकते हैं।

नींबू और धनिये का सूप

यह सूप विटामिन– सी समेत कई आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले हरी मिर्च और लहसुन को तेल में भूनें, फिर इसमें कटा हुआ प्याज डालकर भूनें। इसके बाद इसमें पत्ता गोभी और गाजर डालकर एक मिनट तक भूनें, फिर इसमें वेजिटेबल स्टॉक, नमक, नींबू का रस और कॉर्नफ्लोर वाला पानी मिलाएं और बीच–बीच में हिलाते हुए दो–तीन मिनट तक पकाएं। अंत में गर्मागर्म सूप पर बारीक कटा हरा धनिया गर्निश करके परोसें।

धनिये वाला उपमा

सबसे पहले गर्म तेल में उड़द की दाल और राई को भूनें, फिर इसमें करी पत्ता, हींग और प्याज भूनें।इसके बाद इसमें सूखी भुनी सूजी और नमक डालकर भूनें। इसी बीच मिक्सी में पत्तेदार धनिया, थोड़ी चीनी, हरी मिर्च, जीरा, नमक और नींबू का रस डालकर धनिये की चटनी तैयार करें। इसके बाद सूजी के मिश्रण में धनिये की चटनी और गर्म पानी डालकर इसे एक–दो मिनट पकाएं। अंत में उपमा पर पत्तेदार धनिया गार्निश करके इसे परोसें।

धनिये वाले चावल

इसे बनाने के लिए सबसे पहले गर्म तेल में काली मिर्च, दालचीनी, इलायची, प्याज और लौंग को भूनें, फिर इसमें चावल डालें और तीन मिनट तक भूनें। अब इसमें गर्म पानी और नमक मिलाएं और तीन मिनट तक प्रैशर कुक करें। इसके बाद पके चावल को एक बर्तन में निकाल लें और इसके ऊपर कटा हरा धनिया डालकर अच्छी तरह मिलाएं, फिर इसे गर्मागर्म परोसें। धनिये वाले चावल का आनंद दाल और अचार के साथ लिया जा सकता है।

कॉर्न और धनिये के पकोड़े

सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, चावल का आटा, बेकिंग पाउडर, अंडे, हरी मिर्च, कटा पत्तेदार धनिया, हरा प्याज और आधा कॉर्न मिलाएं। अब इसमें काली मिर्च और नमक डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद मिश्रण के बड़े चम्मच लें और उन्हें हर तरफ एक–दो मिनट के लिए तेल में तलकर एक प्लेट में निकालें। इसके बाद इसमें पत्तेदार धनिया, जैतून का तेल और एवोकाडो मिलाएं, फिर इसे परोसें।

पत्तेदार धनिये की सब्जीः सबसे पहले गर्म तिल के तेल में जीरा, राई, हींग और हरी मिर्च डालकर भूनें, फिर इसमें बेसन और हल्दी पाउडर डालकर पांच मिनट तक भूनें। अब इसमें कटा हरा धनिया, नमक और उबले हुए आलू मसलकर डालें, फिर इसे ढककर चार–पांच मिनट तक पकाएं। इसके बाद इसमें सब्जी को पकाते समय थोड़ा पानी छिड़कें, फिर इसमें ताजा पत्तेदार धनिये डालकर गैस बंद कर दें और इसे रोटी या परांठे के साथ गर्मागर्म परोसें।

## नागार्जुन की द घोस्ट के लिए सोनल चौहान ने लिया प्रशिक्षण

सोनल चौहान, अक्किनेनी नागार्जुन की आगामी फिल्म द घोस्ट में एक इंटरपोल अधिकारी के रूप में दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सूत्रों ने कहा कि, फिल्म में सख्त पुलिस



वाली प्रिया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री को अपने चरित्र के लिए गहन प्रशिक्षण से गुजरना पड़ रहा है। एक्शन दृश्यों के लिए प्रशिक्षण के अलावा, अभिनेत्री स्टंट के लिए अपनी फिटनेस पर भी काम कर रही है। सूत्रों का दावा है कि, सोनल को अपनी तैयारी के दौरान चोटें भी आईं। हालांकि, लगता है कि इससे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। अभिनेत्री का अपनी भूमिका के लिए प्रशिक्षण का एक वीडियो अब सामने आया है और प्रशंसकों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा कर रहा है। द घोस्ट अपनी घोषणा के बाद से अब तक की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। सोनल चौहान अपने करियर में पहली बार नागार्जुन के साथ नजर आएंगी और ट्रेलर में दोनों की झलक ने पहले ही प्रशंसकों के बीच काफी उत्सुकता पैदा कर दी है।

## ब्रह्मास्त्र की बंपर कमाई जारी, फिल्म ने दूसरे दिन दुनियाभर में कमाए 160 करोड़




रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की ब्रह्मास्त्र को दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म ने ओपनिंग डे को ही अच्छी शुरुआत हासिल की थी। फिल्म ने रिलीज के दिन 9 सितंबर को दुनियाभर में 75 करोड़ रुपये कमाए थे। अब फिल्म के दूसरे दिन के कलेक्शन का आंकड़ा सामने आया है। फिल्म ने दूसरे दिन दुनियाभर में 85 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस प्रकार फिल्म की कुल कमाई 160 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

ब्रह्मास्त्र के निर्देशक अयान मुखर्जी ने फिल्म की कमाई से जुड़ी जानकारी शेयर की है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर बताया कि फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 160 करोड़ रुपये इकट्ठा कर लिए हैं। उन्होंने फिल्म को मिल रही अच्छी प्रतिक्रिया के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, इस वीकेंड में सिनेमाघरों में प्यार और स्नेह बरसाने के लिए हमारे सभी दर्शकों को धन्यवाद!

समीक्षक सुमित काडेल ने भी ब्रह्मास्त्र का कलेक्शन शेयर किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, फिल्म ब्रह्मास्त्र ने दुनियाभर में बड़े पैमाने पर दूसरे दिन का कलेक्शन दर्ज किया है। उनकी मानें तो फिल्म ने शुक्रवार को सभी भाषाओं में भारत में 37 करोड़ रुपये बटोरे। शनिवार को फिल्म की कमाई में उछाल आया। शनिवार को इस फिल्म ने सभी भाषाओं में 42 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। इसकी कुल कमाई 79 करोड़ रुपये रही।

रिलीज से पहले ही फिल्म का भारी क्रेज देखने को मिला था। फिल्म ने एडवांस बुकिंग के जरिए ही करीब 28 करोड़ रुपये कमा लिए थे। हिंदी फिल्मों के लिए ब्रह्मास्त्र ने भारत और विदेशों में अब तक का सबसे बड़ा नॉन हॉलिडे ओपनर बनकर इतिहास रच दिया है। कोरोना वायरस महामारी के बाद ब्रह्मास्त्र ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी हिंदी फिल्म है। पहले नंबर पर केजीएफ 2 का नाम है।

ब्रह्मास्त्र में बॉलीवुड के कई बड़े सितारे नजर आए। फिल्म में अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय और नागार्जुन भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता शाहरुख खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आए हैं। इस फिल्म के जरिए रणबीर और आलिया की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे दिखी। जहां फिल्म में रणबीर को शिवा की भूमिका में देखा गया, वहीं आलिया ने ईशा का किरदार अदा किया। दोनों की केमिस्ट्री को लोग सराह रहे हैं।

ब्रह्मास्त्र को करीब 400 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है। इस सीरीज की तीन फिल्में आएंगी। अयान ने पौराणिकता के आधार पर इस यूनिवर्स का निर्माण किया है। ब्रह्मास्त्र के आखिर में इसकी अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र 2रू देव की घोषणा की गई है।

## मणिरत्नम की पोन्नियिन सेल्वन में पुंगुझली के रूप में ऐश्वर्या लक्ष्मी का लुक आउट

निर्देशक मणिरत्नम की बहुप्रतीक्षित फिल्म पोन्नियिन सेल्वन की यूनिट ने फिल्म में अभिनेत्री ऐश्वर्या लक्ष्मी का समुद्रकुमारी



पुंगुझाली का लुक जारी किया है। ट्विटर पर लाइका प्रोडक्शंस, जो निर्देशक मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज के साथ फिल्म का निर्माण कर रही है, ने कहा, हवा की तरह नरम, समुद्र की तरह शक्तिशाली! समुद्रकुमारी पूंगुझली के रूप में हैशटैग–ऐश्वर्या लक्ष्मी से मिलें!प्रोडक्शन हाउस ने अपने ट्वीट में इस बात को दोहराया कि फिल्म का एक भव्य आडियो और ट्रेलर लॉन्च 6 सितंबर को नेहरू इंडोर स्टेडियम में होना था। फिल्म, जिसका पहला भाग 30 सितंबर को स्क्रीन पर हिट होने वाला है, प्रख्यात लेखक कल्कि के क्लासिक तमिल उपन्यास पोन्नियिन सेल्वन पर आधारित है। शानदार कहानी, जो राजकुमार अरुल्मोझी वर्मन के प्रारंभिक जीवन के इर्द–गिर्द घूमती है, जो बाद में महान राजा राजा चोजन के रूप में जाने गए। मणिरत्नम की ड्रीम प्रोजेक्ट कही जा रही इस फिल्म में विक्रम, ऐश्वर्या राय, तृषा, कार्थी, जयम रवि, जयराम, पार्थिबन, लाल, विक्रम प्रभु, जयराम, प्रभु और प्रकाश राज सहित कई शीर्ष सितारे हैं। यह परियोजना देश में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक होगी।

## छोटे बच्चों की त्वचा को स्वस्थ बनाने के लिए अपनाएं ये सुरक्षित तरीके



ज्यादातर लोग डिलीवरी से पहले ही बच्चे की त्वचा को स्वस्थ बनाने के नुस्खे खोजने लगते हैं। हालांकि, डॉक्टरी सलाह के बिना उनकी त्वचा पर कुछ नहीं लगाना चाहिए। वहीं, कई लोग शुरुआती दिनों से ही बच्चे की त्वचा की देखभाल करना शुरू कर देते हैं ताकि उन्हें आजीवन निखरी त्वचा प्रदान हो। आइए आज हम आपको पांच ऐसे टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चे की त्वचा को सुरक्षित तरीके से स्वस्थ और चमकदार बनाए रख सकते हैं।

हल्के गर्म तेल से मालिश करें

तेल मालिश एक ऐसा सुरक्षित तरीका है, जिसे अपनाकर आप अपने बच्चे की त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बना सकते हैं। हल्के गर्म जैतून के तेल, नारियल के तेल या बादाम के तेल से मालिश करना बच्चे की त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। ये तेल बच्चे की त्वचा को गहराई से मॉइश्चराइज देने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, मालिश करते समय अपने हाथों को बच्चे की त्वचा पर धीरे–धीरे हल्के से फिराएं।

नहलाने के लिए सही तापमान वाले पानी का इस्तेमाल करें

विशेषज्ञों के अनुसार, आप अपने बच्चे को नहलाने के लिए जिस पानी का इस्तेमाल करते हैं, उसका तापमान उसकी त्वचा की स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ध्यान रहे कि पानी न ज्यादा ठंडा होना चाहिए और न ही गर्म। अत्यधिक तापमान वाला पानी बच्चे की त्वचा पर सूखापन और सुस्ती पैदा कर सकता है और आपके बच्चे की नाजुक त्वचा की बनावट को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए बच्चे को ऐसे पानी से नहलाएं, जिससे उसे असुविधा न हो।

साबुन का इस्तेमाल न करें

बाल चिकित्सकों की सलाह है कि बच्चे की त्वचा पर हार्श साबुन का इस्तेमाल न करें। इससे उनकी त्वचा को बहुत नुकसान पहुंच सकता है। दरअसल, साबुन कठोर और केमिकल्स से युक्त होते हैं, जो आपके बच्चे की त्वचा को शुष्क और सुस्त बना देते हैं। साबुन की बजाय प्राकृतिक त्वचा क्लींजर जैसे बेसन का इस्तेमाल करें, जो बच्चे की त्वचा की बनावट को खूबसूरत बनाता है।

मॉइश्चराइज जरूर करें

बच्चे को नहलाने के बाद उसकी त्वचा को मॉइश्चराइज जरूर करें। मॉइश्चराइजर लगाने से बच्चे को रूखेपन, जलन और रैशेज जैसी दिक्कतों से आराम मिलेगा। हालांकि, उसके लिए ऐसा मॉइश्चराइजर चुनें, जो खासतौर से बच्चे की संवेदनशील त्वचा को देखते हुए बनाए गया हो और उनकी त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ–साथ सुरक्षा भी प्रदान करे। बच्चे की त्वचा पर दिन में दो–तीन बार प्राकृतिक सामग्रियों से युक्त मॉइश्चराइजर लगाना फायदेमंद रहता है।

बच्चे को हाइड्रेट रखें

डिहाइड्रेशन की समस्या भी बच्चे की संवेदनशील त्वचा को रूखा बना सकती है। इसलिए उसको इस समस्या से बचाकर रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए मां उनकी मांग के अनुसार उन्हें दूध पिलाती रहें। इससे बच्चों को उचित तरीके से हाइड्रेट रखने में मदद मिलेगी। अगर बच्चा एक या दो साल का है तो उसे पानी के साथ–साथ फलों का रस, छाछ या फिर मिल्कशेक जैसे पेय पदार्थों का सेवन कराएं।

